आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 18 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-229 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

खालिस्तानी आतंकवादी पन्नून की गीदड़भभकी

नई दिल्ली,18 नवंबर। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून ने एक और वीडियो जारी कर रविवार को अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व कप फाइनल को बंद करने की धमकी दी है। वीडियो में प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक को 1984 के सिख विरोधी दंगों और 2002 के गुजरात दंगों के बारे में बात करते हुए, मुस्लिम और ईसाई समुदायों को भड़काने का प्रयास करते हुए भी देखा जा सकता है। खालिस्तानी आतंकवादी को चल रहे इज़राइल-हमास युद्ध पर भारत के रुख के बारे में बात करते हुए भी सुना जा सकता है। यह पहली बार नहीं था जब पन्नून ने धमकी भरा वीडियो जारी किया था। इससे पहले अक्टूबर में पन्नून ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध से सीखने की धमकी दी थी, ऐसा न हो कि भारत में भी ऐसी ही प्रतिक्रिया न हो। अमेरिका स्थित प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के प्रमुख पन्नून ने कहा, ÷पंजाब से फिलिस्तीन तक अवैध कब्जे वाले लोग प्रतिक्रिया देंगे। और हिंसा से हिंसा पैदा होती है। भारत-पाकिस्तान आईसीसी विश्व कप 2023 मैच से पहले धमकी जारी करने और दुश्मनी को बढ़ावा देने के आरोप में उनके खिलाफ पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई थी।

एक लाख का इनामी हिस्ट्रीशीटर ढेर

झांसी,18 नवंबर। उत्तर प्रदेश एसटीएफ और झांसी के मऊरानीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सितौरा गांव में शनिवार सुबह कानपुर के चर्चित पिंटू सेंगर हत्या मामले में वांछित इनामी बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया। मुख्यालय लखनऊ से आयी एसटीएफ और मऊरानीपुर थाना पुलिस की सवा लाख के इनामी बदमाश के साथ मऊरानीपुर थानाक्षेत्र में झांसी -खजुराहो हाईवे पर सितौरा गांव में सुबह सात बजे मुठभेड़ हुई। पुलिस और बदमाश का आमना सामना होने पर दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक गोली शातिर बदमाश रशिद कालिया उर्फ गौड़ा उर्फ बीरू के सीने में लगी। गोली लगने के बाद बदमाश को झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है इस बीच फोरेंसिक टीम मौके पर जांच में जुटी है।

एक दिन देश में आम आदमी पार्टी का राज होगा : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) जिस तेजी से देश भर में आगे बढ़ रही है एक दिन कांग्रेस-भाजपा को भी पीछे छोड़ देगी और देश पर ''आप'' का राज होगा। श्री केजरीवाल ने पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि आप जिस तेजी से देश भर में आगे बढ़ रही है, इसे देखकर उनका दिल कहता है कि एक दिन कांग्रेस-भाजपा को भी पीछे छोड़ देगी और देश पर ''आप'' का राज होगा। 'आप'' को इतनी तेजी से बढ़ता देखकर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फर्जी शराब घोटाले का षड्यंत्र रचा है। वह पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर 'आप' को अव्यवस्थित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अभी सुप्रीम कोर्ट में शराब घोटाले की सुनवाई हुई।

उत्तरकाशी टनल हादसा: रेस्क्यू के लिए विज्ञान के साथ अब भगवान का भी सहारा

ऑक्सीजन पाइप से आवाज आई 'हेलो-हेलो', दोनों तरफ छलके आंसू

नैनीताल,18 नवंबर। उत्तरकाशी टनल हादसे में छठे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। लेकिन, चिंता की बात है कि 150 घंटे गुजर जाने के बाद भी सुरंग में फंसे लोगों को सकुशल बाहर नहीं निकाला जा सकता है। यूपी के लोग भी टनल के अंदर जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। लोगों के परिजनों को भी चिंता सता रही है। इसी के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन दल ने टनल में फंसे लोगों की परिजनों से बात करवाई तो दोनों तरफ खुशी के आंसू झलक गए। उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में फंसे मंजीत कुमार (23 वर्ष) की कुशलक्षेम जानने के लिए जब उसके पिता चौधरी ने ऑक्सीजन पाइप के जरिए आवाज दी तो मंजीत ने तत्काल ही जवाब दिया। कहा कि मैं ठीक हूं, चिंता करने की जरूरत नही है। अंदर फंसे सभी लोग सुरक्षित हैं।

अब विज्ञान और भगवान दोनों का सहारा लिया जा रहा है. क्रेन की मदद से पुजारी ने सुरंग के मुहाने पर झंडा लगाया और नारियल फोड़ा. रेस्क्यू के 7वें दिन सुरंग के बाहर एक मंदिर स्थापित किया जा रहा है. एक तरफ मशीनों को अंदर ले जाया जा रहा है तो दूसरी तरफ जिस तरफ मंदिर स्थापित है. सुरंग के मुहाने पर मंदिर की स्थापना हो रही है. पूजा-अर्चना की जा रही है. दरअसल, इस हादसे के बाद ग्रामीणों का मानना है कि सुरंग ढहने के पीछे स्थानीय देवता बाबा बौखनाग का



प्रकोप है. ग्रामीणों ने कहा कि बाबा बौखनाग के क्रोध के कारण सुरंग धसक गई, क्योंकि उनका मंदिर निर्माण कार्य के चलते ध्वस्त कर दिया गया था. स्थानीय लोगों ने कहा कि चारधाम ऑल वेदर रोड प्रोजेक्ट का काम चल रहा था. इसी में सुरंग बनाई गई थी, जिसका एक हिस्सा ढह गया था. निर्माण कंपनी ने मंदिर को तोड़ दिया था, इसी के कुछ दिनों बाद सुरंग ढहने से 41 मजदूर फंस गए.

इंटरनेशनल टनल एक्सपर्ट प्रो. अर्नोल्ड डिक्स ने आजतक को बताया कि वे रेस्क्यू पर बारीकी से नजर रख रहे हैं, अगर अगले घंटों के भीतर बचाव कार्य प्रभावी नहीं हुआ तो वह सभी सदस्य देशों की ओर से सहायता प्रदान करने के लिए भारत आएंगे. उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सुरंग निर्माण करने वाले देशों में अग्रणी देश है. हम भारत को हर सहायता प्रदान कर रहे हैं. यह बेहद गंभीर मामला है. 41 जिंदगियां खतरे में हैं.

रेस्क्यू के लिए ये 3 योजनाएं बनाई गई हैं

1. पहाड़ों की चोटी से सुरंग में 100 फीट तक की वर्टिकल ड्रिल की जाएगी. लेकिन इस जगह की परिस्थितियों के कारण ऑपरेशन पूरा होने में एक सप्ताह लग सकता है.

2. इसके अलावा परंपरागत तरीके से हाथ से खोदकर सुरंग बनाई जा सकती है. जिसका उपयोग ज्यादातर जलविद्युत परियोजनाओं और सुरंग बनाने में किया जाता है.

3. टूटी हुई चट्टान को फिर से मजबूत चट्टान में बदलने के लिए हाई टेकनोलॉजी के तरीकों का उपयोग करने पर भी विचार किया जा रहा है.

छत्तीसगढ़ में 70 सीटों पर 75.08 % मतदान

रायपुर,18 नवंबर। छत्तीसगढ़ में पूरे उत्साह के साथ मतदाताओं ने अपना फैसला दे दिया है। दूसरे चरण में 70 सीटों पर शुक्रवार को मतदान हुआ, जिसमें 958 उम्मीदवारों की किस्मत अब ईवीएम में कैद हो चुकी है। इधर, दूसरे चरण में 70 सीटों पर हुए मतदान के अंतिम आंकड़े जारी कर दिए हैं। चुनाव आयोग ऐप वोटर टर्न आउट के मुताबिक दूसरे चरण में 70 सीटों पर 75.08 प्रतिशत मतदान हुआ जोकि वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव की तुलना में 1.8 प्रतिशत कम है। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 76.88 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। प्रदेश में सबसे अधिक 86.54 प्रतिशत मतदान खरसिया विधानसभा क्षेत्र में हुआ, वहीं सबसे कम 53.80 प्रतिशत मतदान रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में हुआ। खराबी के चलते 137 बैलेट यूनिट, 113 कंट्रोल यूनिट और 349 वीवीपैट मशीनों को बदला गया। दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान के बाद 958 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में हुई वोटिंग में विधानसभा वार वोटिंग फीसद की बात करें तो भरतपुर सोनहत में 81.8, मनेंद्रगढ़ में 74.02, बैकुंठपुर में 81.79, प्रेमनगर में 79.56, भटगांव में 81.35, प्रतापपुर में 79.44, रामानुजंग में 83.5, सामरी में 83.42, लुण्ड्रा में 85.1, अंबिकापुर में 75.58, सीतापुर में 81.31, जशपुर में 75.93, कुनकुरी में 77.29 और पत्थलगांव विधानसभा सीट पर 78.66 फीसदी वोटिंग हुई है. लैलूंगा में 85.44, रायगढ़ में 78.8, सारंगढ़ में 79.37, खरसिया में 86.54, धर्मजयगढ़ में 86, रामपुर में 76.65, कोरबा में 66.3, कटघोरा में 74.02, पालीतानागर में 80.38, मरवाही में 78.27, कोटा में 73.2, लोरमी में 67.98, मुंगेली में 67.3, तखतपुर में 73.52, बिल्हा में 69.63, बिलासपुर में 56.28, बेलतरा में 65.71, मस्तूरी में 66.4, अकलतरा में 74.13, जांजगीर चांपा में 74.59, सक्ती में 76.7, चंद्रपुर में 68.66, जैजैपुर में 69.5, पामगढ़ में 67.48 और बिलाईगढ़ विधानसभा में 70.39 फीसदी वोटिंग हुई है।

जादूगर जी कोनी मिले वोट जीः मोदी

जयपुर,18 नवंबर। भरतपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस जहां-जहां आती है, वहां-वहां आतंकवादी, अपराधी और दंगाई बेलगाम हो जाते हैं। कांग्रेस के लिए तुष्टिकरण ही सबकुछ है। कांग्रेस तुष्टिकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकती है, चाहे इसके लिए आपका जीवन तक दांव पर क्यों न लगाना पड़े। एक तरफ भारत दुनिया में अग्रणी बन रहा है। दूसरी तरफ राजस्थान में बीते 5 वर्ष में क्या हुआ...कांग्रेस ने राजस्थान को भ्रष्टाचार, दंगों और अपराधों में अग्रणी बना दिया है और इसलिए राजस्थान कह रहा है- जादूगर जी कोनी मिले वोट जी। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प है राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे, भाजपा का संकल्प है राजस्थान में भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करेंगे, भाजपा का संकल्प है महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाएंगे...राजस्थान बीजेपी ने जो वादे किए हैं, इन्हें पूरा करने के लिए हम जी-जान लगा देंगे। कांग्रेस के काले कारनामों की लाल डायरी के पन्ने खुलने लगे हैं। लाल डायरी के 4 पन्ने, 40 पन्नों से कम

नहीं है। कुछ लोग कहते हैं, लाल डायरी में एक बेटे का भी कबूलनामा भी है। बेटा खुद कह रहा है कि पापा की सरकार रिपीट नहीं होगी। इस लाल डायरी के जो पन्ने बाहर आए हैं, उनमें लिखा है कि जादूगर सरकार ने कैसे राजस्थान को खनन माफिया के हवाले कर दिया। भाजपा सरकार किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। जहां-जहां भाजपा सरकार है वहां के किस्सनों को पीएम किसान सम्मान निधि के 12 हजार रुपये मिल रहे हैं, 6 हजार केंद्र के और 6 हजार राज्य के। राजस्थान भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में आपसे ये भी वादा किया है कि जैसे ही यहां भाजपा सरकार बनेगी, राजस्थान के किसानों को भी पीएम किसान सम्मान निधि के 12 हजार रुपये मिलने शुरू हो जाएंगे। आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। मोदी का परिवार तो आप ही हैं। मेरा संकल्प है कि हर गरीब, दलित, पिछड़े, हर परिवार तक जीवन की मूल सुविधाएं पहुंचे। इसलिए देश में अब भारत सरकार आपके गांव आ रही है। 15 नवंबर से देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हुई है।

कांग्रेस ने राजस्थान को पार्टी का एटीएम बना दिया : अमित शाह

जयपुर ,18 नवंबर । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में कथित भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि जब भाजपा राज्य में सरकार बनाएगी तो भ्रष्टाचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। अमित शाह ने अजमेर जिले में एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं आपसे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनाने का आग्रह करता हूं। हम भ्रष्टाचार के सभी मामलों की जांच करेंगे और जिन लोगों ने गरीबों का पैसा लिया है, उन्हें उल्टा कर सीधा कर दिया जायेगा। शाह ने 'लाल डायरी' मुद्दे पर मुख्यमंत्री गहलोत पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार पिछले पांच साल से भ्रष्टाचार में लिप्त है।

नक्सलियों ने की युवक की गोली मारकर हत्या

कांकेर 18 नवंबर। नक्सल प्रभावित कांकेर जिला से बड़ी खबर सामने आ रही है।यहां एक युवक को अगवाल करने के बाद नक्सलियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर के शक में युवक की हत्या की है। उधर इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। हत्या की इस वारदात के बाद क्षेत्र में पुलिस फार्स रवाना किया गया है। क्षेत्र में पुलिस द्वारा सर्चिंग तेज कर दिया गया है। नक्सलियों द्वारा हत्या की ये वारदात कांकेर जिला के लहरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक घर से फुटबाल खेलने गया था। इसी दौरान नक्सलियों रास्ते में उसे अगवा कर लिया। इसके बाद नक्सलियों ने सुनसान जगह पर ले जाकर उसकी गोली मारकर हत्या कर लाश को सड़क के पास फेंक कर चले गये। ग्रामीणों द्वारा युवक की लाश देखने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस टीम मौके के लिए रवाना किया गया। पुलिस द्वारा हत्या के कारण पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि मृतक युवक की हत्या माओवादियों ने पुलिस मुखबिर होने के शक में किया है। वहीं नक्सलियों छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के मतदान के बाद एक बार फिर उत्पात मचाते हुए दहशत फैलाने की कोशिश की है। कांकेर के छोटेबेटिया थाना क्षेत्र के अचिनपुर गांव में भी बीती रात नक्सलियों ने मोबाइल टावर के जनरेटर में आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों और घटते जनाधार से बौखलाए माओवादियों द्वारा दहशत फैलाने के लिए लगातार इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया जा रहा है।

अभिनेत्री विजयशांति बनीं तेलंगाना चुनाव समन्वयक

नई दिल्ली,18 नवंबर। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए एक पखवाड़े से भी कम समय बचा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को अभिनेता से नेता बनीं विजयशांति को अभियान और योजना समिति में पार्टी का मुख्य समन्वयक नियुक्त किया। एक आधिकारिक संचार में, कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, ÷कांग्रेस अध्यक्ष ने तेलंगाना के आगामी विधानसभा चुनाव - 2023 के लिए अभियान और योजना समिति के मुख्य समन्वयक के रूप में विजयशांति की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। विजयशांति ने इस सप्ताह की शुरुआत में सत्तारूढ़ बीआरएस छोड़ दिया था और शुक्रवार को खड़गे की उपस्थिति में तेलंगाना में कांग्रेस में शामिल हो गईं। खड़गे ने समरसिम्हा रेड्डी, पुष्पलीला, मल्लू रवि, एम कोडंडा रेड्डी, वेम नरेंद्र रेड्डी, एरावती अनिल, रामलू नाइक, पिटला नागेश्वर राव, ओबेदुल्ला कोथवाल, रमेश मुदिराज, पारिजात रेड्डी, सिद्धेश्वर, राममूर्ति नाइक, अली बिन इब्राहिम मस्काथी और दीपक जॉन को भी संयोजक के रूप में नियुक्त किया। 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए 30 नवंबर को मतदान होना है। कांग्रेस ने दक्षिणी राज्य के लिए अपना घोषणापत्र भी जारी किया।

टीम इंडिया की जर्सी देख भड़की ममता बैनर्जी

कोलकाता,18 नवंबर। भारतीय क्रिकेट टीम की प्रेक्टिस जर्सी के रंग को देखकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी भड़क गई हैं। उन्होंने जर्सी के रंग में बदलाव को सियासी बताया है। उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार पर खेल के भगवाकरण का आरोप लगाया है। ममता बनर्जी ने मध्य कोलकाता के पोस्ता बाजार में जगधात्री पूजा के उद्घाटन अवसर पर पहुंची थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने न केवल क्रिकेट टीम की प्रैक्टिस जर्सी, बल्कि मेट्रो स्टेशनों की पेंटिंग में भी भगवा रंग जोड़ दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा, वे पूरे देश को भगवा रंग में रंगने की कोशिश कर रहे हैं।

भारत के दरवाजे पर हो रहा घमासान

नई दिल्ली,17 नवंबर। भारत ने अपनी सीमा के पास म्यांमा की सेना और सैन्य शासन विरोधी समूहों के बीच लड़ाई को रोकने का आह्वान किया, जिससे मिजोरम में पड़ोसी देश के शरणार्थियों की आमद बढ़ गई है। पिछले कुछ हफ्तों में भारत से सटी सीमा के पास कई प्रमुख कस्बों और क्षेत्रों में म्यांमा के सैन्य शासन विरोधी समूहों और सरकारी बलों के बीच संघर्ष बढ़ गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने भारत-म्यांमा सीमा के नजदीक हिंसा की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लड़ाई के परिणामस्वरूप, भारत-म्यांमा सीमा पर पड़ोसी देश के नागरिकों की भारतीय सीमा में आवाजाही बढ़ी है। बागची ने कहा कि हम अपनी सीमा के करीब ऐसी घटनाओं से बेहद चिंतित हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि म्यांमार की आंतरिक कलह भारत के लिए चिंता का कारण क्यों है इसके अलावा, म्यांमार में वास्तव में क्या हो रहा है 27 अक्टूबर को थ्री ब्रदरहुड एलायंस अराकान आर्मी, म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी और ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी शामिल थे। उसने चीन की सीमा से लगे म्यांमार के उत्तरपूर्वी शान राज्य में ऑपरेशन 1027 शुरू किया। रखाइन राज्य में भी एक साथ हमले हुए। उनकी मांग लोकतंत्र की बहाली के लिए है जो फरवरी 2021 में तख्तापलट में सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद से नष्ट हो गया है। वास्तव में, उन्होंने आक्रामक शुरुआत में एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि ऑपरेशन हमारी सामूहिक इच्छा से प्रेरित था नागरिकों के जीवन की रक्षा करना, आत्मरक्षा के अपने अधिकार का दावा करना, अपने क्षेत्र पर नियंत्रण बनाए रखना और म्यांमार सेना की ओर से चल रहे तोपखाने हमलों और हवाई हमलों का दृढ़ता से जवाब देना। रिपोर्टों के अनुसार, म्यांमार सेना ने कई शहरों और 100 से अधिक सुरक्षा चौकियों पर नियंत्रण खो दिया है, जिसके कारण चीनी सीमा के पास आठ टाउनशिप में मार्शल लॉ की घोषणा की गई है। जातीय सशस्त्र समूहों ने बताया कि शान राज्य में म्यांमार सेना की एक पूरी बटालियन ने आत्मसमर्पण कर दिया है और वे जल्द ही क्षेत्र के प्रमुख शहर लाउक्काई पर कब्जा कर लेंगे। आक्रामक शुरुआत करने के बाद से थ्री ब्रदरहुड एलायंस ने जीत का दावा किया है। यह सारी लड़ाई और हिंसा भारत को कैसे प्रभावित करती है विद्रोही भारतीय सीमा के करीब लड़ रहे हैं। हाल ही में 14 नवंबर को सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च के एसोसिएट फेलो अंगशुमन चौधरी ने एक्स पर पोस्ट किया था कि म्यांमार में विद्रोहियों ने भारतीय सीमा के साथ दो शहरों चिन में रिखावादार और सागांग क्षेत्र में खमपत पर कब्जा कर लिया है। ये दोनों शहर भारत के व्यापार मार्गों के लिए महत्वपूर्ण हैं। लेकिन भारत की चिंता सिर्फ कब्जा किये गये शहरों तक ही सीमित नहीं है। महत्वपूर्ण बात यह है कि आक्रामक चिन राज्य के आसपास केंद्रित है।

क्रिकेट: विश्वकप 2023 फायनल: भारत-आस्ट्रेलिया के बीच होगा रोचक संघर्ष jasclaudius@gmail.com

साफ सुथरा खेल दिखाकर चैंपियन बनने की चुनौती

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

1975 से आरंभ क्रिकेट की इस स्पर्धा ने 2023 के फायनल तक का सफर शानदार ढंग से तय किया है। अब 2023 में क्रिकेट के बादशाह बनने के लिए भारत और आस्ट्रेलिया की टीम के बीच रस्साकसी होगी। क्रिकेट के परिणाम के बारे में पहले से कुछ भी बता पाना संभव नहीं है। 1975,1978 में वेस्टइंडीज ने,1983, 2011 में भारत ने 1987,1999,2002,2015 में आस्ट्रेलिया ने जबकि पाकिस्तान ने 1992,श्रीलंका ने 1996, इंग्लैंड-2019 में क्रिकेट के सिरमौर बने थे। अब 2023 में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला होगा। दोनों टीम इसके पहले 2003 में भिड़ चुकी है। टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। उसमें भारत को 125 रन की करारी पराजय मिली थी। इस एकतरफा मैच में आस्ट्रेलिया के सिर्फ चार बल्लेबाजों एडम गिलक्रिस्ट (57),मैथ्यू हैडन (37), कप्तान रिकी पोंटिंग (140 रन नाबाद) तथा डेमिएन मार्टिन ने (88 अपराजित)बल्लेबाजी की थी। भारत की ओर से वीरेन्द्र सहवाग 82,राहुल द्रविड़ 47, सौरव गांगुली,युवराज सिंह (24-24) ही चले थे। दूसरी तरफ हमारे गेंदबाज पूरी तरह से नाकाम रहे थे। हरभजन सिंह ने दोनों विकेट लिए थे जबकि 8 गेंदबाजों को प्रयोग

में लाया गया था। भारत के जहीर खान, जगावल श्रीनाथ,आशीष नेहरा, युवराज सिंह जैसे गेंदबाजों की नहीं चल सकी थी। 2023 में परिस्थिति बदली हुई है। इस बार चैंपियनशिप में भाग ले रही 10 टीम को एक दूसरे से मैच खेलकर सेमीफायनल में जगह बनानी थी। भारतीय टीम ने अपनी ही धरती अपने ही दर्शकों के बीच शुरु से ही विजेता की तरह खेला है। इस बार फायनल मुकाबला 19 नवंबर को गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में आस्ट्रेलिया से होगा। 2019 में दोनों टीम फायनल में नहीं पहुंच सकी थी।

अनुभव के आधार पर दोनों टीम एक दूसरे के लिए भारी हैं। भारत ने 9 में से 9 मैच जीते जबकि आस्ट्रेलिया 9 में से 7 मैच ही जीत सकी। आस्ट्रेलिया की ओर से वार्नर ने सबसे अधिक 528 रन बनाये हैं जबकि कोहली ने 711 रन बनाये हैं। भारत के मो. शमी ने 23 विकेट जबकि आस्ट्रेलिया के एडम जंपा ने 22 विकेट लिये हैं। टास जीतने पर भारत को पहले बल्लेबाजी का निर्णय लाभप्रद लगता है। इसके अलावा क्षेत्ररक्षण में जो टीम अवसर को नहीं चूकेगी फायदा उसी को मिलेगा। खेलकूद में वास्तविक सफलता तब मिलती है जब जय-पराजय पर संयम से काम लिया जाता है। विशेषकर स्टेडियम में उपस्थित दर्शकों के लिए परिणाम पर नियंत्रण पाना एक चुनौती है।

क्रिकेट का महामुकाबला 19 को

नई दिल्ली,18 नवंबर। इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला 19 नवंबर रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजे शुरू होगा, वहीं इस मैच का टॉस आधे घंटे पहले होगा। इस महामुकाबले से पहले फैंस के जहन में एक सवाल है कि अगर फाइनल मैच में बारिश होती है तो क्या होगा तो आपको बता दें, कि वर्ल्ड कप फाइनल के लिए रिजर्व डे रखा गया है। अगर 19 नवंबर को बारिश के चलते मैच पूरा नहीं हो पाता तो मुकाबला 20 नवंबर को पूरा किया जाएगा। वहीं अगर बारिश की वजह से 20 नवंबर को भी रहती है तो विजेता का फैसला कैसे होगा बता दें, अगर बारिश के चलते रिजर्व डे पर भी मैच पूरा नहीं हो पाता तो दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित कर दिया जाएगा। जी हां, वर्ल्ड कप के इतिहास में अभी तक ऐसी घटना नहीं हुई है, मगर 2002 चैंपियंस ट्रॉफी में जरूर ऐसा हुआ था जब भारत और श्रीलंका दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित कर दिया गया था। 19 नवंबर यानी रविवार को अहमदाबाद का मौसम एकदम साफ रहने वाला है। अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस का रहने वाला है, वहीं रात होते-होते तापमान गिरकर 15-16 डिग्री सेल्सियस रह जाएगा। वहीं रविवार को बारिश होने की संभावना ना के बराबर है, ऐसे में मैच के रिजर्व डे पर भी जाने के कोई चांस नहीं है।

एक नजर

पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई

भिलाई, 18 नवंबर। ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने को

लेकर होने वाले टाक शो में इस रविवार 19 नवंबर के पहुंना होंगे लोकप्रिय चित्रकार डॉ ध्रुव तिवारी। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे इस दौरान संध्या 6 से 7 बजे तक उनके पेन्टिंग की प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की जाएगी। भिलाई इस्पात संयंत्र और ललित कला अकादमी नई दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए शुरू किये गये इस शो को भिलाई की जनता का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। जिसमें भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने हेतु छत्तीसगढ़ के समस्त कलाकारो के साथ ही देश विदेश मे फैले कलाकार भी उत्साहित हैं। डॉ ध्रुव तिवारी केन्द्रीय विद्यालय रायपुर में ड्राइंग टीचर हैं। वे अपने पेन्टिंग में प्रकृति चित्रण के लिए जाने जाते हैं। उनके चित्रों में गांव के पगडंडी ,पेड़ ,पालतू जानवर सहज ही मिल जाते हैं। उन्होंने बस्तर के आदिवासियों के बीच जाकर काम किया है और उनकी लोक कला का रूपपद कला के संदर्भ में शोध किया है। उन्होंने आदिवासियों के मृतक स्तंभों पर भी शोध किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा एनसीईआरटी ने उनको राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षक बनाया है। जिसमें वे देश भर के शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हैं। वे मुंबई मैसूर, ग्वालियर, भिलाई, खैरागढ़, रायपुर के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सोलो शोज़, कई गैलरी तथा एयरपोर्ट व मॉल पर सोलो शोज़ कर चुके हैं। अनुराग्यम् कला, कला फिल्म तथा मॉडलिंग के क्षेत्र मे भी काम कर चुके हैं। उनके टाक शो को लेकर खैरागढ के कलाकारो में जबर्दस्त उत्साह है।

कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान

दुर्ग, 18 नवम्बर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रामगोपाल गर्ग ने आज सवेरे अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीण सपत्निक डॉ. कल्पना जोसेफ पॉलीटेक्निक कॉलिज पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर मतदान देने के बाद सेल्फी जोन में जाकर पत्नी के साथ सेल्फी ली। साथ ही एसपी ने भी सेल्फी जोन में सेल्फी ली। इसके साथ ही जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों के अवलोकन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सपत्निक उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

दुर्ग 18 नवम्बर। विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत आज जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फूर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रारंभिक संकलित जानकारी अनुसार जिले में 65.07 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान लगाया गया है। अंतिम समाचार लिखते तक जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अंतिम जानकारी संकलित की जा रही है। जिले में विधानसभा क्षेत्र 62-पाटन में 75.54 प्रतिशत, 63-दुर्ग ग्रामीण में 69.00 प्रतिशत, 64-दुर्ग शहर में 62.80 प्रतिशत, 65-भिलाई नगर में 63.54, 66-वैशालीनगर में 53.00 प्रतिशत तथा 67 अहिवारा में 67.77 अंतिम 5 बजे तक की स्थिति में प्रतिशत प्राप्त हुई है। अंतिम रूप से मतदान का प्रतिशत सभी मतदान केन्द्रों से मतदान संकलित होने पर अधिकृत रूप से जारी किया जा सकेगा।

सूर्य षष्ठी व्रत : खरना के साथ छठी मैया का आगमन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 नवंबर। नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से प्रारम्भ लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर अपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। छठ के दूसरे दिन आज शनिवार को खरना प्रसाद के साथ ही छठी मैया का आगमन हो गया है। व्रतधारिणियां एवं साधक निर्जला उपवास रखकर छठ मैया के भक्ति में डूब गए हैं। शहर के छठ तालाबों पर घाटों का निर्माण पहले ही हो चुका है जहाँ रविवार शाम और सोमवार सुबह मेला का नजारा रहेगा। इस दिन सूर्य देव को अर्घ्य देकर संतान एवं परिवार की सलामती की प्रार्थना की जाएगी । 17 नवंबर शुक्रवार को नहाय खाय के साथ ही इस व्रत का शुभारम्भ हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को लेकर तालाबों एवं घाटों की सफाई का कार्य एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य निगम द्वारा करा लिया गया है।

खरना प्रसाद की विशेष तैयारियां

महापर्व छठ के दूसरे दिन खरना प्रसाद तैयार किया गया है। जिसका भोग सर्वप्रथम छठी मैया को लगाकर व्रत रखने वाली महिलाएं एवं साधक ग्रहण कर निर्जला व्रतोपवास शुरू कर देंगे। खरना का प्रसाद मिट्टी के चूल्हे पर बनाने की परम्परा है। इसे साठी के चावल, गुड़ और दूध के मिश्रण से पकाया जाता है।

परिजन एवं सगे-सम्बन्धियों का आगमन

छठ महापर्व को देखते हुए साधक-व्रतियों के यहां परिजन एवं सगे-सम्बन्धियों का आगमन शुरू हो गया है। खासकर बिहार एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश से लोगों का आगमन हो रहा है। छठ पर्व में परिवार एवं रिश्तेदार एकजुट होकर तालाब घाट जाते हैं और बड़ी श्रद्धा के साथ छठी मैया का पूजा पाठ करते हैं।

बाजार में रौनक

दिवाली की चहलपहल के बाद बाजार में छठ महापर्व को लेकर रौनक बढ़ गयी है। पूजा-सामग्री के साथ ही छठ में चढ़ाने वाले फल-तरकारी, सिंघाड़ा, गन्ना, पुष्प-माला, कपड़े आदि की खूब बिक्री होती है जिसे देखते हुए इसकी दुकाने सज गयी हैं। पावर हाउस मार्किट के साथ ही सभी बाजारों में रौनक देखी जा रही है।

स्कन्द षष्ठी महोत्सवः शांति के लिए हवन

भिलाई, 18 नवंबर। दूसरे दिन प्रातः श्री लक्ष्मी गणपती पूजा से हुई जो धन प्राप्ति, ऊत वितीय स्थिती, सद्भाव और पारिवारिक मामलों में सफलता, सभी बधाओ को दूर करने, केतु दशा समस्याओं के लिए शक्तिशाली उपाय हेतु सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात धन धान्य वृद्धि परिवार मे संकट को दूर करने तथा शांति बहाल करने हेतु हवन आयोजित हुआ। इसके बाद श्री सुदर्शन हवन हुआ जो उत्कृष्ट औधोगिक विकास, अत्यधिक सफल लाभ, शक्तिशाली शत्रु, श्रम मुद्दे और प्रतिस्पर्धा के कारण तीव्र समस्या से राहत हेतु आयोजित हुआ। इसके बाद शीघ्र विवाह के लिए विवाह बाधा से मुक्ति हेतु स्वयंवर पार्वती हवन हुआ, दोपहर 12 बजे नक्षत्र हवन हुआ जो बुद्धि प्राप्ति जीवन शक्ति, आत्मविश्वास और अनुकूल परिणाम प्राप्त करने हेतु ग्रहो के दुष्प्रभाव रोकने के लिए किया गया। 17 नवम्बर सकल मनोकामना प्राप्ति , शत्रु बाधा निवृत्ति सर्व कार्य सिद्धि ,सभी सरकारी कार्यों मे सफलता के लिए वित्तीय मामलो में वार्षिक वृद्धि, नए व्यवसाय

विकास, सभी कानूनी मामलों मे विजय अभिशापों को दूर करने के लिए परिवार मे अंतहीन प्यार और स्नेह हेतु श्री नवचंडी परायण हवन, वसुंधरा हवन का आयोजन हुआ। 18 नवम्बर को श्री सिप्रा गणपती हवन से होगा जो कार्य सिद्धि दीर्घायु वृद्धि एवं मन की शांति हेतु होगा। इसके पश्चयात् शत्रु संहार सुबरमानया त्रिसदी हवन, श्री सुबरमानया पंचाधरी मूल मंत्र हवन होगा। दोपहर 1 बजे वट्टारजा एवं पूर्णाहुति होगी । पूर्णाहुति दीप आराधना के पश्चात सभी भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण करेंगे इसके बाद संध्या 7 बजे पी टी उश्रम के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

कांग्रेस पार्षद और भाजपा कार्यकर्ताओं में विवाद

भिलाई, 18 नवंबर। भिलाई नगर विधानसभा में सुबह से लेकर शाम चार अलग- अलग स्थानों पर विवाद हुए। सेक्टर-7 में कांग्रेस पार्षद और भाजपा के लोगों के बीच विवाद हो गया शांति व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज का इस्तेमाल करना पड़ा, इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता चोटिल हो गए सूचना पर पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव से भी पुलिस बल के साथ विवाद हो गया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शाम 5 बजे मतदान समाप्त होने के बाद सेक्टर-7 मतदान केंद्र से ईवीएम को रवाना किया था। उस दौरान कांग्रेस पार्षद उमेश साहू मौक पर मौजूद थे। पार्षद का आरोप है कि उस दौरान भाजपा नेता मनीष पांडेय अपने समर्थकों के साथ ईवीएम में छेड़छाड़ करने मतदान केंद्र के अंदर जाने लगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में गली-गलौज शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि नौबत हाथापाई तक आ गई। इस पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने बल का प्रयोग करके भीड़ को तितर-बितर किया। सूचना पर कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि इस विवाद में देवेन्द्र यादव और एमआईसी सदस्य एकांश समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता चोटिल हो गए। इधर घटना के बाद पार्षद उमेश साहू समेत दर्जनों की संख्या कांग्रेस कार्यकर्ता थाने शिकायत दर्ज कराने पहुंच गए

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान

रायपुर। प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के पांचवें स्थापना दिवस एवं 16 नवंबर राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ के दो वरिष्ठ पत्रकारों को संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें गोपाल वोरा को देवर्षि नारद सम्मान एवं श्री पूर्णचंद्र रथ को गणेश शंकर विद्यार्थी सम्मान प्रदान किया गया जिसे आज छत्तीसगढ़ प्रदेश पदाधिकारियों के द्वारा सुपुर्द किया गया।प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के अध्यक्ष अजीत शर्मा,महासचिव अनुपम वर्मा, उपाध्यक्ष सुधीर वर्मा, कोषाध्यक्ष निखिल भटनागर व वरिष्ठ पत्रकार पूर्णचंद्र रथ ने गोपाल वोरा के निवास में जाकर सम्मान पत्र, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह दिया उल्लेखनीय है श्री वोरा स्वास्थ्य लाभ ले रहे है।इसलिए उनकी सुविधा हेतु घर जाकर सम्मानित किया गया वही पत्रकार पूर्णचंद्र रथ का सम्मान कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों के हाथो से किया गया । राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर कार्यालय में केक काटकर संस्था का स्थापना दिवस भी मनाया गया।प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के संस्थापक अध्यक्ष सैय्यद खालिद कैस, संगठन महासचिव श्रीमती शशि दीप, महासचिव खेमराज चौरसिया के द्वारा संस्था के स्थापना दिवस व राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकारों को छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारणी की पहल को सहर्ष सहमति प्रदान करते हुए प्रस्तावित नाम को संगठन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया था।

कवर्धा के भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के भाई सहित 5 पर बलवा का अपराध

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 18 नवंबर। विधानसभा चुनाव के दौरान तरेगांव जंगल के समीप कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ गाली गलौच कर जान से मारने के धमकी देने तथा बलवा करने के मामले में कवर्धा के भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के भाई सहित 5 भाजपा कार्यकर्ताओं के विरूध अपराध दर्ज किया गया है। इस घटना में पीड़ित अजीत बाजपेयी ने घटना में लगभग 70-80 भाजपा कार्यकर्ताओं के शामिल होने की एफ.आई.आर लिखाई है। घटना 4 नवबंर की रात लगभग 11.30 बजे की है। घटना की शिकायत अगले दिन कर दी गई थी। चेक पोस्ट मे लगे सी.सी.टी.वी कैमरे में चेक करने के पश्चात इस मामले में थाना तरेगांव जगल में धारा 147, 294, 506 (बी) का अपराध दर्ज किया गया है। एफ. आई. आर के अनुसार भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के रिश्तेदार अजय शर्मा सहित काशी उइके, बरसाती वर्मा, तेजु जैन, दिलीप नायक अपने 70 - 80 भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अजीत बाजपेयी को अटिंगा वाहन से उतार कर वाहन की जांच करने लगे। इसके पश्चात कांग्रेस पार्टी के विरूद्ध आपत्तिजनक नारे लगाकर उसे धमकी दिए, मारपीट करते हुये घटनास्थल से अपहरण कर दूर ले जाकर एक

रजिस्टर देकर उसमें चुनाव की एंट्री लिखवाने मजबूर कर दिया । इसके पश्चात थाना तरेगांव जंगल मुख्य मार्ग पर मार-पीट किए। जेब में रखे 20-22 हजार रूपयें तथा मोबाईल फोन लूट लिये। 2-3 घंटो तक घटनो को अंजाम देने के बाद थाना के अंदर ले जाकर दुर्व्यवहार किए। लगभग 1 घंटे बाद मोबाईल फोन ला कर दिए। थाना के अंदर में ही भाजपा कार्यकर्ताओ ने अजीत बाजपेयी का मोबाइल फोन से वीडियो बनाया। पूरी घटना थाना के सामने व थाने के अंदर में लगे सी.सी.टी.वी कैमरे में रिकार्ड हुई है।

चेक पोस्ट का सी.सी.टी.वी. चेक करने के बाद किया अपराध दर्ज

इस मामले में उल्लेखनीय है कि पुलिस ने कवर्धा में मतदान की तारीख 7 नंवबर के पूर्व अपराध दर्ज नहीं किया।घटना तरेगांव जंगल चेक पोस्ट में लगे सी.सी.टी.वी .कैमरा तथा थाना के सामने व अंदर लगे सी.सी.टी.वी. मे रिकार्ड हुई है। मामले की विवेचना कर रहे थाना तरेगांव जंगल के उप निरीक्षक सुरेश कश्यप ने एफ.आई.आर के तथ्य में इस बात का उल्लेख भी किया है कि उन्होंने चेक पोस्ट मे लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे को चेक किया है। इसके पश्चात अजय शर्मा निवासी कवर्धा,काशी उइके निवासी कामाडबरी तरेगांव जंगल, बरसाती वर्मा निवासी मड़मझा पांडातराई, तेजू जैन निवासी तरेगांव जंगल, दिलीप नायक निवासी तरेगांव जंगल के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

थाना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीड़ित को किया टार्चर

अजीत बाजपेयी ने रूपयें लूटने की भी रिपोट दर्ज कराई है लेकिन इसकी धारा नहीं लगाई गई है। अपहरण के संबंध में भी अपराध दर्ज नहीं किया गया है।सी.सी.टी.वी.कैमरे से साबित होता है कि घटना में दर्जनो लोग शमित थे जिसका नाम पीड़ित अजीत बाजपेयी को मालूम नहीं है, इसकी विवेचना नहीं की गई है। घटना के समय पुलिस इतनी मजबूर थी कि थाना के अंदर भाजपा कार्यकर्ता अजीत बाजपेयी से दुर्व्यवहार कर रहे थे और पुलिस कुछ भी नहीं कर रही थी। थाना में लाने के पूर्व अजीत बाजपेयी कवर्धा के भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के रिश्तेदार अजय शर्मा और उसके साथ शमिल भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ के कब्जे में था। आप सोच कर सहम जाएंगे कि बेकाबू भीड़ अगर आपको घंटो अपने कब्जे में रखे रहे तो आपकी क्या दशा होगी।

दुर्ग जिले में मतदान के प्रति भारी उत्साह रहा

दुर्ग, 18 नवंबर। दुर्ग जिले के 6 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदाताओं ने भारी उत्साह के साथ अपने माताधिकार का उपयोग किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में शाम 5 बजे की स्थिति तक कुल 65.07 प्रतिशत मतदान हो चुका था। मतदान के लिए निर्धारित अंतिम समय शाम 5 बजे के बाद भी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की भीड़ लगी हुई है। जिससे जिले में मतदान 70 प्रतिशत से अधिक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। मतदान के इस प्रतिशत को कांग्रेस-भाजपा समेत अन्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशी व उनके समर्थकक अपने-अपने पक्ष में बता रहे है। फलस्वरुप पूरे मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदान केन्द्रों के बाहर सक्रिय रहे प्रत्याशियों और उनके समर्थकों द्वारा अपने-अपने जीत के दावे भी किए जा रहे है।

दोपहर 3 बजे तक दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में 46.81 प्रतिशत, पाटन में 66.87 प्रतिशत, दुर्ग ग्रामीण में 56.38 प्रतिशत, भिलाई नगर में 48.69 प्रतिशत, वैशाली नगर में 45.79 प्रतिशत व अहिवारा में 47.03 प्रतिशत मतदान हो चुके थे।जिले में लोकतंत्र के इस महापर्व की शुरुवात शुक्रवार को सुबह

8 बजे हुई। शुरुवाती पहले घंटे में मतदान की गति काफ ी धीमी रही। सुबह 11 बजे के बाद मतदान की प्रक्रिया में तेजी आई। जिसके चलते दोपहर 1 बजे की स्थिति में 35 प्रतिशत मतदान हो चुका था। मतदान के दौरान दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के गयाबाई स्कूल गयानगर, सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल गंजपारा, बघेरा, उरला, पटरीपार, पोटिया, बोरसी, कसारीडीह, केलाबाड़ी के मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लंबी कतारें रही। गयाबाई स्कूल गयानगर के मतदान केन्द्र में पहुंचे मतदाताओं के लिए पैर रखने की जगह भी नही बची। लिहाजा मतदाता मतदान केन्द्र के बाहर मतदान के लिए अपनी बारी आने का इतंजार करते रहे, वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल गंजपारा के मतदान केन्द्र में मतदाताओं की एक साथ भीड़ पहुंचने से मतदान केन्द्र के बाहर बार-बार चक्काजाम की स्थिति निर्मित होते रही। मतदान केन्द्रों में भीड़भाड़ के बावजूद भी मतदाताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। युवा, महिलाएं और पुरुष मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ मतदान किया, वहीं बुजुर्ग व चल फिर पाने में असमर्थ मतदाता भी कहीं पीछे नहीं रहे। उन्होने अपने परिजनों व रिश्तेदारों के साथ मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान कर अपनी कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया, साथ ही ऐसे बुजुर्ग मतदाता अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायी रहे। पूरे मतदान प्रक्रिया के दौरान दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा, भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव व अन्य प्रत्याशी मतदान केन्द्रों में सक्रिय रहे और घूम-घूमकर अपने समर्थकों से मतदान की स्थिति की जानकारी लेते रहे।

प्रत्याशी अरुण वोरा ने सपरिवार आर्यनगर स्थित तुलाराम आर्य कन्या विद्यालय के मतदान केन्द्र में मतदान किया। इसी प्रकार भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव मतदान के लिए अपनी पत्नी के साथ स्कूटी में सवार होकर मतदान केन्द्र पहुंचे। उन्होने बिजली विभाग के पदनाभपुर स्थित बूथ में मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी आहुति दी।मतदान की प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा और भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव का एक मतदान केन्द्र में आमना-सामना हो गया। इस दौरान अरुण वोरा ने तू जहां-जहां चलेगा, मेरा साथ साथ-साथ होगा फिल्मी गीत गुनगुनाकर चुनाव की थकान मिटाई। इस गाने को गजेन्द्र यादव ने भी दोहराया।जिससे समर्थकों के बीच माहौल खुशनुमा हो गया।दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल, राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मतदान कर दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग के अलावा अन्य अधिकारियों ने भी मतदान किए। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू, भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर, भिलाई नगर कांग्रेस प्रत्याशी

देवेन्द्र यादव, भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशाली नगर कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर, भाजपा प्रत्याशी रिकेश सेन, निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. संगीता शाह, पाटन कांग्रेस प्रत्याशी व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भाजपा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल,जोगी कांग्रेस प्रत्याशी अमित जोगी,अहिवारा कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल कोसरे, भाजपा प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा व अन्य प्रत्याशियों ने उत्साह के साथ मतदान कर अपने-अपने जीत के दावें किए हैं।जिले में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। किसी भी विधानसभा क्षेत्र से अप्रिय घटना की खबर सामने नहीं आई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मतदान केन्द्रों में पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। पुलिस व सुरक्षा के आलाधिकारी मतदान की प्रक्रिया पर बराबर नजरें बनाए रखें। मालूम हो कि जिले में कुल 14 लाख 31 हजार 350 मतदाता है। जिसमें 7 लाख 12 हजार 67 पुरूष मतदाता एवं महिला मतदाता 7 लाख 19 हजार 228 तथा तृतीय लिंग 55 मतदाता है। 6 विधानसभा सीटों के चुनाव में कुल 93 प्रत्याशी मैदान में है। मतदान के लिए कुल 1479 मतदान केन्द्र बनाए गए है। जहां मतदाताओं ने मतदान किया। चुनाव के परिणाम 3 दिसंबर को आएंगे।

एक नजर

एचडीएफसी बैंक ने धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता सप्ताह मनाया

रायपुर 18 नवंबर। एचडीएफसी बैंक, भारत में प्राइवेट सेक्टर के प्रमुख बैंक ने अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी जागरूकता सप्ताह (आईएफएडब्ल्यू) के उपलक्ष्य में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडिमिनिस्ट्रेशन (आईआईपीए) के सहयोग से 'बैंकिंग/फाइनेंशियल साइबर क्राइम प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन' पर एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस की मेजबानी की। यह लगातार चौथा वर्ष है जब एचडीएफसी बैंक आईएफएडब्ल्यू के दौरान साइबर धोखाधड़ी जागरूकता में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से, एचडीएफसी बैंक का लक्ष्य विशेषज्ञों, प्रेक्टिशनर्स, नीति निर्माताओं और हितधारकों को साइबर अपराध की रोकथाम पर अपनी गहन जानकारी, अनुभव और बेस्ट प्रेक्टिसिज को शेयर करने और साइबर सुरक्षा और लचीलापन बढ़ाने के लिए ठोस और कार्रवाई योग्य सिफारिशें तैयार करने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करना है। कॉन्फ्रेंस में इलेक्ट्रॉनिक्स और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय, आईआईपीए, गृह मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी), नेशनल साइबर सिक्योरिटी कोऑर्डिनेटर (एनसीएससी), सीईआरटी-इन, दिल्ली पुलिस, हरियाणा पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस और अग्रणी बैंकों और वित्तीय मध्यस्थों के वरिष्ठ अधिकारी के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने असिस्टेन्सट प्रोग्राम की घोषणा की

रायपुर, 18 नवंबर। इलेक्ट्रिक 2-व्हीपलर्स और 3-व्ही लर्स की इबलु रेंज बनाने वाली, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने आज अपने ईवी थ्री-व्हीहलर इबलुरोज़ी के लिये अपनी तरह के अनूठे रोडसाइड असिस्ट्रेन्सट प्रोग्राम की घोषणा की है। कंपनी नवंबर महीने में खरीदे गये (1 नवंबर से 30 नवंबर 2023 तक) सारे इबलुरोज़ी के लिये 3 साल के कॉम्लीने मेंटरी रोडसाइड असिस्ट्रेन्सं की पेशकश कर रही है। यह आरएसए देशभर में कंपनी के सभी टचपॉइंट्स पर उपलब्धम होगा। 24×7 रोडसाइड असिस्टेबन्से प्रोग्राम ग्राहकों के लिये बिना किसी अतिरिक्तन खर्च के संपूर्ण मानसिक शांति की गारंटी देता है और इसमें कई फायदे होंगे, जैसे कि फ्लैट टायर असिस्टेकन्सर, बैटरी जम्पमस्टारर्ट, लॉकआउट सर्विस, छोटी-मोटी मरम्मैतें और टोइंग सर्विस। बिना वारंटी वाली किसी इमरजेंसी में ग्राहकों की सहायता करने के लिये चौबीसों घंटे चालू रहने वाली एक समर्पित हेल्पोलाइन होगी। एक समर्पित हेल्पेलाइन नंबर ग्राहकों की सहायता करेगा और कुशल तकनीशियनों को ग्राहकों के लोकेशन पर भेजा जाएगा और जरूरत होने पर उनके पास टोइंग ट्रक भी होगा। बड़ी टूट-फूट के मामले में 40 किलोमीटर तक का टोइंग सपोर्ट नजदीकी अधिकृत सर्विस सेंटर को मिलेगा।

कृषि स्टार्टअप्स के लिए बाजार लिंकेज और उद्यमिता के अवसरों पर कार्यशाला आयोजित

रायपुर 18 नवम्बर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के रफ्तार एग्री बिजनेस इंक्यूबेटर सेन्टर द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ, फेडरेशन ऑफ इंडिया एफ.पी.ओ. एवं एग्रीगेटर्स के संयुक्त तत्वावधान में ''साथी'' (समग्र एकीकरण के माध्यम से सतत कृषि) परियोजना के क्रियान्वयन के उद्देश्य से कृषि स्टार्टअप्स के लिए बाजार लिंकेज और उद्यमिता के अवसरों की खोज विषय पर कार्यशाला हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार सृजन में स्टार्टअप्स का महत्पूर्ण योगदान है। उन्होंने स्टार्टअप्स को स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर की अर्थव्यवस्था में योगदान व रोजगार सृजन के लिए उनके कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें बधाईयां दी। इस कार्यक्रम में वैयक्तिक एवं आभाषी रूप से 100 से अधिक स्टार्टअप्स ने हिस्सा लिया एवं साथी परियोजना में अपनी भागीदारी हेतु सहमति जताई। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ के प्रतिनिधि मनीष शाह ने साथी परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होनें बताया कि स्टार्टअप्स के लिए इस परियोजना में क्या प्रावधान रखे गए है और स्टार्टअप्स कैसे उनका लाभ ले सकते है। इस परियोजना के अंतर्गत कोण्डागांव में मिलेट कैफे एवं सूरजपुर के केनापारा में साथी मॉल का लोकार्पण शीघ्र होगा। रफ्तार एग्री बिजनेस इंक्यूबेटर के प्रमुख एवं कार्यपालन अधिकारी डॉ. हुलास पाठक ने स्टार्टअप्स के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की, जिनसे स्टार्टअप्स एवं उद्यमी अपनी सक्रिस भूमिका निभाते हुए हितग्राही के रूप में जुड़कर बाजार कनेक्शन का विस्तार कर सकें, नौकरियां सृजित कर सकें एवं व्यवसाय, उत्पाद तथा सेवा श्रृखंला को आगे बढ़ाएं, जिससे समग्र कृषि एवं ग्रामीण विकास हो सकेगा।

चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

थाना सिटी कोतवाली व साइबर सेल राजनांदगांव पुलिस की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 18 नवंबर। 6 नवंबर को प्रार्थी हरीश खण्डेलवाल पिता स्व0 कन्हैया लाल खण्डेलवाल उम्र उम्र 51 साकिन गंज लाईन तिरंगा चैक राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) द्वारा लिखित आवेदन पेश रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 06.11.2023 के शाम करीब 05:05 बजे बिजली बिल पटाने व घरेलु समान लेने बाजार गया था, करीबन 06:12 बजे वापस आकर अपने गंज लाईन तिरंगा चैक स्थित दुकान अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखी नगदी रकम 4,90,000 रूपये नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। कि रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 849/23 धारा 379 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा-निर्देश एव नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी एवं चोरी गया नगदी रकम के पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर प्रार्थी के दुकान के आसपास तथा शहर में लगे करीब 100-150 सी0सी0टी0व्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया, सी0सी0टी0व्ही0 फुटेज में मिले क्लु के आधार पर दो व्यक्ति घटनास्थल के आसपास बाईक से आते-जाते दिखाई देने पर फुटेज को सायबर सेल राजनांदगॉव, दुर्ग, भिलाई को भेजकर पतासाजी कराया गया तथा मुखबीर के माध्यम से भी पता तलाश कराया गया जो उक्त दोने व्यक्तियों को मोहम्मद जुनैद कोहका भिलाई एवं नीरज रंगारी वैशाली नगर भिलाई निवासी होना पता चलने पर उनके सकुनत में पता किया गया जो दोनो को दिल्ली जाने की जानकारी मिली इनके पतासाजी हेतु दोनो के निवास स्थान के आसपास मुखबीर तैनात किया गया जो आज दिनांक 17.11.2023 को मुखबीर की सूचना पर दोनो संदेहियों को घेराबंदी कर पकडे नाम पता पूछने पर (1) मोहम्मद जुनैद पिता मो0 इमरान उम्र 18 साल 02 माह निवासी भिलाई कोहका इन्दु आई टी स्कुल के सामने दुर्ग (छ0ग0) (2) नीरज रंगारी पिता शंकर रंगारी उम्र 19 वर्ष साकिन केम्प 01 रोड़ नं. 18 संग्राम चैक, हनुमान मंदिर तीन दर्शन मंदिर के पास वैशाली नगर भिलाई जिला दुर्ग (छ0ग0) को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकर किये, मोहम्मद जुनैद पिता मोहम्म्द इमरान के कब्जे से पेश करने पर चोरी के नगदी रकम 1,64,000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक स्पलेंडर मोटर सायकल काले रंग की बिना नंबर व 01 नग पेचकस तथा दूसरा आरोपी नीरज रंगारी पिता शंकर रंगारी के कब्जे से पेश करने पर नगदी 40,000 रूपये जप्त किया गया कुल नगदी रकम 2,04,000 रूपये आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया शेष रकम को खाने-पीने में खर्च करना बताया आरोपियों के विरूद्ध प्रर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया। दोनो आरोपी आदतन अपराधी है आरोपी मोहम्मद जुनैद के खिलाफ थाना लालबाग जिला राजनांदगॉव में अपराध क्र0 319/23 धारा 454,380 भादवि0 व थाना जामुल भिलाई जिला दुर्ग (छ0ग0) में अपराध क्रमांक 230/23 धारा 380 भादवि0, थाना बालोद जिला बालोद(छ0ग0) में अप0 क्र0 507/23 धारा 454,380 भादवि0 एवं दूसरा आरोपी नीरज रंगारी के खिलाफ थाना वैशाली नगर जिला दुर्ग(छ0ग0) के अपराध क्रमांक 61/22 धारा 294,323,506 भादवि0 एवं थाना छावनी भिलाई जिला दुर्ग अपराध क्र0 184/23 धारा 34(सी) आबकारी एक्ट दर्ज कर चालान किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक संजय बरेठ, सउनि0 दरबारी राम तारम, सउनि द्वारिका प्रसाद, प्र0आर0 संदीप चैहान, जी0 सिरिल, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, प्रख्यात जैन, अविनाश झा अमित सोनी एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

बाजारों से मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी घुमका पुलिस की गिरफ्त में

16 नवंबर को प्रार्थी मूलचंद साहू पिता स्व भुनेश्वर साहू उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम पटेवा थाना घुमका के द्वारा लिखित सूचना दिया कि दिनांक घटना 10.11.2023 के शाम प्रार्थी घुमका के साप्ताहिक बाजार मे सब्जी खरीद रहा था उसी दौरान किसी अज्ञात चोर के द्वारा उसके शर्ट के जेब मे रखे एंड्राइड मोबाइल फोन को चोरी करके भाग गया था प्रार्थी की सूचना पर थाना घुमका मे अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगाव श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घुमका पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना पर दिनांक 16.11.2023 को ही आरोपी आनंद राम गोंड को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया आरोपी के द्वारा अपने मेमोरेंडम कथन मे बताया कि उसके द्वारा घुमका सप्ताहिक बाजार से प्रार्थी के 01 नग एंड्राइड मोबाइल चोरी करने के अलावा घुमका,तिलई,डोंगरगढ़,सुकुलदेहान आदि साप्ताहिक बाजार से विभिन्न कंपनियों की अन्य 08 नग और एंड्रॉइड मोबाइल फोन को चुराकर अपने घर मे छीपाकर रखा है जिस पर आरोपी के कब्जे से प्रार्थी का चुराया हुआ 01 नग ह्रद्गस्र्द्वद्ब 11 5त्र मोबाइल फोन के साथ साथ विभिन्न कंपनियों की अन्य 08 नग एंड्राइड मोबाइल फोन कुल कीमती 1,00,000 रूपये को जप्त किया गया7 आरोपी को दिनांक 16.11.23 को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आज दिनांक 17.11.23 को न्यायिक रिमांड मे जेल दाखिल किया गया है उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना घुमका से थाना प्रभारी विनय कुमार पम्मार, उप निरीक्षक विक्रांत सिंह, प्रधान आर. बिसेलाल साहू, आरक्षक यशवंत साहू, गौतम सिंह, सी.पी. साहू की भूमिका सराहनीय रही।

गंज लाईन में हुई 5 लाख की चोरी का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 18 नवंबर। 6 नवंबर को प्रार्थी हरीश खण्डेलवाल पिता स्व0 कन्हैया लाल खण्डेलवाल उम्र उम्र 51 साकिन गंज लाईन तिरंगा चौक राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) द्वारा लिखित आवेदन पेश रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 06.11.2023 के शाम करीब 05:05 बजे बिजली बिल पटाने व घरेलु समान लेने बाजार गया था, करीबन 06:12 बजे वापस आकर अपने गंज लाईन तिरंगा चैक स्थित दुकान अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखी नगदी रकम 4,90,000 रूपये नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। कि रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 849/23 धारा 379 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा-निर्देश एव नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी एवं चोरी गया नगदी

रकम के पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर प्रार्थी के दुकान के आसपास तथा शहर में लगे करीब 100-150 सी0सी0टी0व्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया, सी0सी0टी0व्ही0 फुटेज में मिले क्लु के आधार पर दो व्यक्ति घटनास्थल के आसपास बाईक से आते-जाते दिखाई देने पर फुटेज को सायबर सेल राजनांदगॉव, दुर्ग, भिलाई को भेजकर पतासाजी कराया गया तथा मुखबीर के माध्यम से भी पता तलाश कराया गया जो उक्त दोने व्यक्तियों को मोहम्मद जुनैद कोहका भिलाई एवं नीरज रंगारी वैशाली नगर भिलाई निवासी होना पता चलने पर उनके सकुनत में पता किया गया जो दोनो को दिल्ली जाने की जानकारी मिली इनके पतासाजी हेतु दोनो के निवास स्थान के आसपास मुखबीर तैनात किया गया जो आज दिनांक 17.11.2023 को मुखबीर की सूचना पर दोनो संदेहियों को घेराबंदी कर पकडे नाम पता पूछने पर (1) मोहम्मद जुनैद पिता मो0 इमरान उम्र 18 साल 02 माह निवासी भिलाई कोहका इन्दु आई टी स्कुल के सामने दुर्ग (छ0ग0) (2) नीरज रंगारी पिता शंकर रंगारी उम्र 19 वर्ष साकिन केम्प 01 रोड़ नं. 18 संग्राम चैक, हनुमान मंदिर तीन दर्शन मंदिर के पास वैशाली नगर भिलाई जिला दुर्ग (छ0ग0) को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकर किये, मोहम्मद जुनैद पिता मोहम्म्द इमरान के कब्जे से पेश करने पर चोरी के नगदी रकम 1,64,000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक स्पलेंडर मोटर सायकल काले रंग की बिना नंबर व 01 नग पेचकस तथा दूसरा आरोपी नीरज रंगारी पिता शंकर रंगारी के कब्जे से पेश करने पर नगदी 40,000 रूपये जप्त किया गया कुल नगदी रकम 2,04,000 रूपये आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया शेष रकम को खाने-पीने में खर्च करना बताया आरोपियों के विरूद्ध प्रर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।

नगरी में एक अनोखा मतदान केन्द्र जहां शेर भालू, हिरण ने मतदाताओं का किया स्वागत

नगरी 18 नवंबर। घने जंगलों के बीच बसी सिहावा नगर वैसे तो ऋषि-मुनियों, जंगली जानवरों और साल के लम्बे-लम्बे पेड़ों के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा का मतदान केन्द्र क्रमांक-151, शासकीय श्रृंगीऋषि एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी को आदर्श मतदान केन्द्र आज सेफ ÷टाईगर सेफ फारेस्ट÷ थीम के साथ सीतानदी जंगल बचाने, वन में जीवंत बाघ, हिरन एवं भालू वनजीवों का संरक्षण करने, आदिवासी जीवन शैली को दर्शाने हेतु बांस और छिंद घास से निर्मित झोपड़ी आकर्षण का केन्द्र रही। मतदान प्रक्रिया में शत-प्रतिशत मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस बूथ को सुसज्जित किया गया है। इस बूथ के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए बाघ,हिरण,भालू इत्यादि बनकर लोगों ने मतदाताओं का स्वागत किया। साथ ही बांस और छिंद घास की झोपड़ी भी लोगों को आकर्षित कर रहीं है, मतदाता मतदान के बाद वहां पहुंचकर अपनी एवं अपने परिवार की सेल्फी भी लिया।

भैसबोड़ में धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व

अंवरी 18 नवंबर। बुधवार को भैसबोड़ में भाई और बहन के अटूट स्नेह का महापर्व भाईदूज धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों में बहनों ने भाइयों का तिलक वंदन कर उनका मुंह मीठा कर पर्व की खुशियां बांटी। मीठी मुस्कान लिए भाइयों ने बहनों को गिफ्ट देकर उत्सव में चार चांद लगा दिया।छोटे बच्चों में पर्व के प्रति विशेष उत्साह नजर आया।इस दौरान घर-आंगन में त्यौहार की खुशियां महक उठी। विदित है कि दीपों का पर्व दीपावली के दो दिन बाद कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाईदूज का त्यौहार मनाया जाता है,जो कि भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक माना गया है। भाईदूज को यम द्वितीया, भातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। शास्त्रों के अनुसार भैयादूज अथवा यम द्वितीया को मृत्यु के देवता यमराज का पूजन किया जाता है। इस दिन बहनें भाई को अपने घर आमंत्रित कर अथवा सायं उनके घर जाकर उन्हें तिलक करती हैं और भोजन कराती हैं। ब्रजमंडल में इस दिन भाई के कल्याण और वृद्धि की इच्छा से बहने इस दिन कुछ अन्य मांगलिक विधान भी करती हैं।यमुना तट पर भाई-बहन का समवेत भोजन कल्याणकारी माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने जाते हैं। उन्हीं का अनुकरण करते हुए भारतीय भ्रातृ परम्परा अपनी बहनों से मिलती है और उनका यथेष्ट सम्मान पूजनादि कर उनसे आशीर्वाद रूप तिलक प्राप्त कर कृतकृत्य होती हैं। इस अवसर पर स्वीटी, गीतिका, कोनिका, देवंतीन,नेहा,तुलसी,किसन, तिजेन्द्र, देवेंद्र, मिथलेश, मेहुल, धीरज आदि उपस्थित रहें।

कांग्रेस पर भरोसा बरकरार रखने के लिए मतदाताओं का आभार: भूपेश बघेल

रायपुर 18 नवंबर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दूसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस के प्रति भरोसा बरकरार रखने के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने जिस उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया है उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस सरकार के पांच साल के कामकाज पर स्वीकृति की मुहर लगाई है। श्री बघेल ने कहा है कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ फिर सरकार बनाएगी और फिर पहले की तरह ही मतदाताओं से किए अपने वादे निभाएगी। उन्होंने कहा है कि पिछले पांच साल सरकार ने जिस तरह किसान, मज़दूर, आदिवासी, युवाओं और महिलाओं सहित सभी वर्गों का खयाल रखा उसी की वजह से जनता का आशीर्वाद कांग्रेस को फिर से मिला है। उन्होंने युवाओं के उत्साह की विशेष रूप से सराहना की है। उन्होंने प्रदेश के कारोबारी वर्ग को भी धन्यवाद देते हुए कहा है कि वे इसी तरह कांग्रेस का साथ निभाते रहे तो जल्द ही छत्तीसगढ़ कारोबार में भी देश में अपना विशिष्ठ स्थान बनाएगा।

अंवरी अंचल में शांतिपूर्ण मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

अंवरी 18 नवंबर। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् शुक्रवार 17 नवम्बर को जिले के कुरूद विधानसभा क्षेत्र क्रं 57 के ग्राम अंवरी सहित अंचल के गांव में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ7 मतदान केंद्रों में मतदाताओं द्वारा सुबह से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। दोपहर 1 बजे तक हुए मतदान ने यह सिद्ध कर दिया है कि मतदाता अब जागरूक हो गए हैं। कुरूद विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार को लेकर काफी जागरूक हो चुके हैं। जिले में स्थापित किए गए आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी पोलिंग बूथ, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित किए गए मतदान केन्द्रों में वोट डालने मतदाताओ का जनसैलाब उमड़ रहा था। 17 नवम्बर को सुबह से ही कतार में लगकर मतदाताओं ने वोट डाला, जिसका परिणाम है कि दोपहर 1 बजे 43 प्रतिशत से अधिक मतदान हो गया था। ग्राम अंवरी में दो बूथ बनाए गए थे जिसमें शाम तक 80त्न मतदान हुआ।

बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में फिर से बनेगी कांग्रेस की सरकार: बैज

रायपुर 18 नवंबर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने एवं शांति पूर्ण मतदान के लिये प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भाजपा इस चुनाव को प्रभावित करने के लिये छत्तीसगढ़ की शांत फिजा को खराब करने का षडयंत्र रचा था लेकिन असफल रहे। प्रदेश की जागरूक मतदाता भाजपा के बहकावे में नहीं आयी। छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार के काम एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भरोसा किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर पुनः सरकार बनाने जा रही है। प्रथम एवं दूसरे चरण के मतदान में किसान, माता, बहने, युवा, श्रमिक व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति मिला। विधानसभा का यह चुनाव मोदी के झूठ, जुमले और कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा। कांग्रेस की सरकार बनते ही जनता से किये सभी वादों पर काम शुरू होगा। मोदी की गारंटी एवं भाजपा के झूठे एवं मनगढ़त आरोप को जनता ने खारिज कर दिया है। कांग्रेस ने 2018 में अपने घोषणा पत्र के अधिकांश वायदो को विगत 5 वर्षों के कार्यकाल में निभाया है, जनता का भरोसा 5 सालों में कांग्रेस के प्रति और बढ़ा है। यही कारण है कि जनता ने एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस ने उत्साहपूर्वक मतदान करने के लिये मतदाताओं का आभार जताया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार अपनी सरकार की योजनाओं और कांग्रेस सरकार के पिछले कामों को आधार बना कर किया है। भाजपा ने नकारात्मकता के आधार पर चुनाव प्रचार किया। केन्द्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने संवैधानिक संस्थानो एवं जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किया।

मतगणना स्थल पर पेयजल, भोजन, विद्युत व्यवस्था एवं साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था करने के दिए निर्देश

मतगणना कार्य सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप करें : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 18 नवंबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 मतगणना कार्य की तैयारी के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना कार्य रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव स्थित मतगणना केन्द्र में किया जाएगा। मतगणना कार्य के लिए सभी अधिकारी अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा नियम एवं प्रावधानों से अवगत रहें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों, निर्वाचन अभिकर्ता एवं मतगणना दल को भी प्रशिक्षण प्रदान करें। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को ड्यूटी पास जारी करने के निर्देश दिए तथा कानून व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतगणना स्थल में पेयजल, भोजन, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायक का टेबलवार दल गठन करें। टेबुलेशन, सिलिंग कार्य के लिए प्रशिक्षण देने कहा। कलेक्टर ने वैधानिक प्रावधान, भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करने तथा परिणामों की घोषणा के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना के महत्वपूर्ण कार्य में सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप कार्य करेंगे।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतगणना स्थल में इंटरनेट कनेक्टिविटी, फोटोकापी मशीन, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, माईक की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पोस्टल बैलेट की गणना के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि विजय जुलूस में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट की ड्यूटी रहेगी। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, मीडिया सेंटर के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। डाक मतपत्रों एवं ईटीपीबीएस की गणना हेतु प्रिंटर, स्कैनर एवं सिलिंग कार्य हेतु आवश्यक सामग्री रखें। मतगणना केन्द्र में मतगणना हाल में टेबल, चेयर एवं अन्य पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगे। मतगणना दल का विधानसभावार, टेबलवार गठन, रेंडमाईजेशन, डी-कोड की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। विद्युत की सप्लाई अबाधित रहनी चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री गिरिश रामटेके, एसडीएम डोंगरगांव श्री अश्वन पुसाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

पीएम मोदी निरंतर तैयारी करते रहते हैं

राजनीति में वही सबसे ज्यादा सफल होता है जो निरंतर पार्टी को मजबूत करने के साथ ही चुनाव में जिताने के लिए जनता के लिए काम करता रहता है।कोई भी पार्टी तब ही मजबूत होती है और जीतती है जब जनता उसके काम से संतुष्ट होती है। जनता काम करने वाली पार्टी को वोट देती है। जनता काम करने वाले नेता को पसंद करती है। पीएम मोदी ऐसै ही नेता है, वह देश के पीएम के रूप में इसलिए लोकप्रिय हैं कि वह ऐसे काम करते हैं जिससे जनता को फायदा होता है, जनता को सुविधा होती है। देश में नेता तो हजारों होते हैं लेकिन जनता का नेता गिनती के लोग होते हैं। पीएम मोदी जनता के नेता है इसलिए वह निरंतर सोचते हैं कि इस पांच साल जनता के लिए क्या करना है, अगले पांच साल जनता के लिए क्या करना है। यहां तक की वह अगले 25 साल में क्या करना है,यह भी सोच कर रखते हैं। अपने देश व जनता के लिए किए काम के कारण उनको जनता पर इतना भरोसा होता है कि वह पूरे विश्वास से कहते हैं कि तीसरी बार भी जनता भाजपा को ही चुनेगी यानी पीएम तीसरी बार भी वही बनेंगे।देश में नेता तो बहुत हैं लेकिन पीएम मोदी की तरह किसी की कहने की हिम्मत नहीं होती है कि वह कह सकें कि जनता अगले चुनाव में उसकी पार्टी को जिताएगी। पीएम मोदी को यह भरोसा इसलिए होता है कि वह पूरे पांच साल जनता के लिए कुछ न कुछ करते रहते हैं। अपनी व पार्टी के जनाधार के विस्तार के लिए प्रयास करते रहते हैं। वह ऐसे नेता नहीं है कि पचास प्रतिशत वोट मिल गए तो संतुष्ट हो गए। वह तो ऐसे नेता हैं जो ज्यादा से ज्यादा से वोट पार्टी को कैसे मिल सकता है, इसके लिए नई नई योजनाएं बनाते हैं, पुरानी योजनाओं को नया रंग देते हैं। हाल ही मे उन्होंने ओबीसी वोट बैंक को साधे रखने के लिए विश्वकर्मा योजना बनाई है। इस योजना के जरिए ओबीसी के छोटे छोटे काम करने वाले लोगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की शुरुआत है। इससे उनका ओबीसी वोटर उनके साथ ही बना रहेगा। कोरोना के वक्त शुरू की गई गरीबों को मुफ्त चावल योजना का समय और पांच साल बढ़ा दिया है। इससे जो गरीब लोग भाजपा को वोट देते थे, वह भाजपा के पाले में ही रहेंगे। पीएम मोदी ने गरीबों को घर, जल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सारी जरूरी सुविधाए मुहैया कराई हैं। इससे गरीबों का उनका बड़ा वोट बैंक बना हुआ है और वह मोदी के साथ ही बना रहता है। पिछले चुनाव में जनजाति वोट न मिलने से कुछ जगह भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था, इस और पीएम मोदी ने ध्यान दिया है तथा इस बार बिरसा मुंडा की जयंती पर पीएम मोदी ने कमजोर जनजाति के उत्थान के लिए 24 हजार करोड़ रुपए की योजना बनाई है। उसका शुभारंभ भी बिरसा मुंडा जयती पर कर दिया गया है। वह सजग नेता हैं,वह देखते हैं कि विपक्ष उनके खिलाप क्या करने वाला है, इससे पहले कि विपक्ष उन्हें कोई नुकसान पहुंचा पाए पीएम मोदी विपक्ष की योजना के जवाब में क्या करना है ,इसकी पूरी तैयारी कर लेते हैं। विपक्ष जहां जाति जनगणना के नाम पर दो तीन दशक पुरानी राजनीति करने की सोच रहा है। वहीं पीएम मोदी राजनीति में कैसे बदलाव किया जा सकता है, कैसे समय के साथ नई राजनीति की जा सकती है कैसे देश के लोगों को एकजुट किया जा सकता है, सोचते हैं। जनता देख चुकी है कि जाति व आरक्षण की राजनीति से उसके जीवन में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है। जाति के नाम पर राजनीति में हिस्सेदारी की बात तो की जाती है लेकिन जिन जातियों का सत्ता पर कब्जा है, वह दूसरी कमजोर जातियों को कोई हिस्सा नहीं देता चाहते हैं। इस बात को जनता बखूबी दो तीन दशक से देख रही है। इसके विपरीत मोदी सरकार सत्ता में उन जातियों को हिस्सा दे रही है। यही बात मोदी को भरोसे का नेता बनाती है।

लोकतंत्र की आधारशिला और चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका

मीडिया

किशन सनमुखदास भावनानी

आजादी की जंग के दौरान प्रेस भारत के क्रांतिकारियों का सबसे बड़ा हथियार रहा है। हर साल भारत में 16 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस दिन को सेलिब्रेट करने के लिए 16 दिसंबर की तारीख को ही क्यों चुना गया भारत में राष्ट्रीय प्रेस दिवस भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

वैश्विक स्तरपर आज डिजिटाइजेशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित प्रौद्योगिकी के बढ़ते नए-नए आयाम के बीच एक ओर जहां प्रिंट मीडिया के लिए चुनौतियां अति तेजी के साथ है बढ़कर उन्हें विलुप्तता की ओर धकेले जा रही है तो वहीं इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के लिए भी चुनौतियां खड़ी हो गई है। जहां एक और फेक न्यूज़ का प्रचलन बढ़ते हुए कठिनाइयां एवं पत्रकारों, संपादकों सहित मीडिया से जुड़े हर व्यक्ति के लिए परेशानियां खड़ी कर रही है, तो दूसरी ओर बढ़ती ग्राउंड रिपोर्टिंग से पारदर्शिता का स्तर ऊंचाइयां छू रहा है जिसमें पत्रकारों से लेकर मीडिया हाउसेस के मालिकों तक और शासकीय स्तर पर चपरासी से लेकर मंत्री तक तथा राजनीतिक स्तरपर कार्यकर्ता से लेकर प्रधानमंत्री तक हर व्यक्ति आज मीडिया के घेरे में आ गया है, चाहे फिर प्रिंट इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया हो जिससे मीडिया हाउसों की जवाबदारियां फेक न्यूज़ के चलते बढ़ गई है, क्योंकि लोकतंत्र की आधारशिला और चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। चूंकि आज 16 नवंबर 2023 को अनेक स्थानों सहित दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय प्रेस दिवस बड़ी संजीदगी के साथ मनाया गया है इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे मीडिया के उच्चतम मानकों को बनाए रखनें तथ्यों विश्वसनीय स्रोतों, सत्यापन और संपादकीय स्वतंत्रता को बनाए रखना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम भारत में निर्भीक और स्वतंत्र जिम्मेदार पत्रकारिता की करें तो, इसके मुख्य कार्य लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करना, समाज की गतिविधियों का आकलन करना, जनता की तकलीफों को शासन तक पहुंचाना, शासकीय, निष्क्रियता, भ्रष्टाचार, असहिष्णुता, गैर जिम्मेदारी को ऊजगार कर जनता के सामने रखना ताकि ऐसे शासकीय अधिकारियों, राजनेताओं को जनता सबक सिखाएं और जनता जनार्दन ही शासन व सत्ता की मालिक है ऐसा एहसास आए, इसलिए ही संपूर्ण भारत में दिनांक 16 नवंबर 2023 को राष्ट्रीय पत्रकारितादिवस बड़ीसंजीदगी के साथ मनाया गया।

साथियों बात अगर हम 16 नवंबर 2023 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में मनाए गए राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2023 के उद्घाटन सत्र में माननीय उपराष्ट्रपति के संबोधन की करें तो, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मीडिया को राजनीति का हिस्सा या हितधारक नहीं होना चाहिए, मीडिया को लोकतंत्र की ताकत होना चाहिए, कमजोरी नहीं। मीडिया को राजनीतिक भागीदारी से बचना चाहिए ताकि प्रगतिशील मीडिया हमारे लोकतंत्र में सच्चाई और जवाब देही का प्रतीक बना रहे।उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि फेक न्यूज़ शब्द जितना आज सुना जा रहा है उतना इससे पहले कभी नहीं सुना। मीडिया की कम होती विश्वसनीयता को सबसे बड़ी चुनौती बताया और सोशल मिडिया का भ्रामक खबरें फैलाने के उपयोग पर चिंता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि भारत के उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय प्रेस दिवस, 2023 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि मीडिया का नैतिक कर्तव्य है कि वह सच बताए। उन्होंने कहा कि मीडिया से जुड़े हर व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह समाज को सच बताए चाहे वह पत्रकार हो, अखबारों से जुड़ा हो या संचार माध्यमों से जुड़े लोग हों। उन्होंने कहा कि अविश्वसनीय और गलत खबरों ने समाज में मीडिया के विश्वास को कम किया है। आगे कहा कि हमें बदलते हुए समय के साथ बदलना होगा और अपनी क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी अपनाना होगा लेकिन इसके साथ ही उसके दुरुपयोग से भी अपना बचाव करना होगा।उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया संगठनों को पत्रकारिता की नैतिकता निष्पक्ष रिपोर्टिंग और तत्वों को जानने के जनता के अधिकार के प्रति अटूट समर्पण और अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए निष्पक्ष पत्रकारिता की वचनबद्धता को निभाना चाहिए ताकि जनता को सच का पता चल सके। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जिक्र करते हुए कहा कि मीडिया तकनीकी परिवर्तनो से और उनसे जुड़ी चुनौतियों से निपटने में हमेशा सक्षम रहा है, हाल की तकनीकी प्रगति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चैट जीपीटी जैसे नवाचारों ने नई चुनौतियां पेश की हैं,इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना होगा।उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष का विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया सामायिक और बहुत ही महत्वपूर्ण है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हमारे सूचना और मनोरंजन के तौर तरीकों को बदल दिया है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बनता चला जा रहा है। लोकतंत्र में मीडिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया सूचना प्रदाता के साथ-साथ लोकतंत्र की आधारशिला रहा है और चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका अदा करता रहा है। मीडिया ने सच के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका अदा की है, मीडिया बेजुबानों की आवाज उठाने के लिए सदैव तत्पर रहा है और सत्ता में बैठे लोगों का निगरानी करता रहा है।उन्होंने कहा आज सूचना की भरमार है और ऐसे में पत्रकार और मीडिया घराने ईमानदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखें, तथ्यों और विश्वसनीय स्रोतों तथा सत्यापन और संपादकीय स्वतंत्रता बनी रहनी चाहिए आज यह पहले से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने मीडिया में गलत सूचना के प्रसार, डीप फेक, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और समाज में अराजकता और अस्थिरता पैदा करने जैसी चुनौतियों से निपटने पर ज़ोर दिया। आगे कहा कि आज के परिपेक्ष में पत्रकारों और मीडिया के लोगों की जिम्मेदारियां और भी बढ़ गई हैं ।उपराष्ट्रपती ने किसी भी सूचना को प्रसारित करने से पहले मीडिया संगठन और मीडिया से जुड़े लोगों को अत्यंत सावधानी और सतर्कता बरतने को कहा जिससे समाज में झूठ का ज़हर न घुल सके।

साथियों बात अगर हम भारत में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाने को समझने की करें तो, भारत में प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। अगर प्रेस की ताकत को समझना हो तो अकबर इलाहाबादी की मशहूर पंक्तियां काफी कुछ बयां करती हैं. अकबर इलाहाबादी ने कहा है कि खींचो न कमान न तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तब अखबार निकालो। इन लाइनों से प्रेस की ताकत को अच्छे से समझा जा सकता है। आजादी के समय से लेकर अब तक भारत में प्रेस की बहुत बड़ी भूमिका रही है। आजादी की जंग के दौरान प्रेस भारत के क्रांतिकारियों का सबसे बड़ा हथियार रहा है। हर साल भारत में 16 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस दिन को सेलिब्रेट करने के लिए 16 दिसंबर की तारीख को ही क्यों चुना गया भारत में राष्ट्रीय प्रेस दिवस भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। पत्रकारिता के ऊंचे आदर्श स्थापित करने व प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने के उद्देश्य से 4 जुलाई 1966 को भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना की गई थी। लेकिन इस परिषद ने 16 दिसंबर 1966 से विधिवत तरीके से काम करना शुरू किया था, इस कारण हर साल 16 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रेस डे मनाया जाता है।भारतीय प्रेस परिषद याने प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया एक वैधानिक निकाय है, जिसे मीडिया के संचालन की निगरानी का अधिकार मिला है। इसके एक अध्यक्ष होते हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज होते हैं। इसके अलावा 28 अन्य सदस्य होते हैं, जिनमें से 20 प्रेस से होते हैं, पांच संसद के दोनों सदनों से नामित होते हैं और तीन प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत में प्रेस को वॉच डॉग और भारतीय प्रेस परिषद को मोरल वॉच डॉग कहा जाता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2023 का आगाज़ - मीडिया की स्वतंत्रता जीवंत लोकतंत्र की आधारशिला है।लोकतंत्र की आधारशिला और चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका।मीडिया के उच्चतम मानकों को बनाए रखनें तथ्यों, विश्वसनीय स्रोतों, सत्यापन और संपादकीय स्वतंत्रता को बनाए रखना समय की मांग है।

आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में रोज की अपेक्षा अच्छा प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। किसी रिश्ते में चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।

वृष राशि-आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में स्थिति बेहतर बनी रहेगी। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यो की वजह से वाह-वाही मिलेगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। प्राइवेट शिक्षकों को किसी अच्छे कॉलेज से जॉब का प्रपोजल आएगा। सोशल वर्क से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है।

सिंह राशि-आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किए गए प्रयासों के चलते लाभ होगा 7 आज अपने प्रिय व्यक्ति से मिलने के कारण आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आएगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम कोजीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कार्यस्थल पर काम ज्यादा रहेगा। आज आपको किसी अनजान पर अत्यधिक विश्वास करने से बचना चाहिए। आप सामाजिक स्तर पर कुछ नए बदलाव करने की सोचेंगे आपको अन्य लोगों का साथ भी मिलेगा इससे आपका काम आसान हो जाएगा।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज आप काम करने का नया प्लान बनायेंगे, इससे आपके काम आसानी से पूरे होते जायेंगे। आज आप छोटी-छोटी बातों में भी खुशियां ढूंढने में कामयाब होंगे।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी कॉपी कर सकता है। प्रॉपर्टी सेल-परचेज संबंधी बिजनेस में अच्छा लाभ होगा। इस राशि की वर्किंग महिलाएं कामकाज की वजह से व्यस्त रहेगी। कोई जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे जहाँ आपकी मुलाकात किसी रिश्तेदार से होगी, उनके साथ आप कुछ चीजों को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके काम तय समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे। बिजनेस को बढ़ाने के लिए नया प्लान बनाएंगे, जो कारगर साबित होगा। आज अचानक धन मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके बिजनेस में तरक्की होने के योग बने हुये है। अपने आस पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। किसी काम में कम मेहनत से ही सफलता मिल जायेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। आज आप सकारात्मक सोच के साथ कार्यों को करेंगे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। साइंस के अध्यापको का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा। आज ऑफिस में अपने कार्यों को ध्यान पूर्वककरें, ताकि आपकी कोई बैक-बाईटिंग न कर पाये।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। परिवार में किसी की तरक्की से उत्सव का माहौल बनेगा। अपने बच्चों को उपहार देंगे बच्चों में खुशी का माहौल दिखेगा। आज बुजुर्गों के साथ समय बिताये, उन्हें काफी अच्छा लगेगा।

व्यंग्य

काश जीना विज्ञान होता

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त,

जीना भी एक कला है। काश यह विज्ञान होता। कम से कम इसमें दो और दो जोड़ने से चार तो होते। कम से कम हाइड्रोजन के दो परमाणु और ऑक्सीजन का एक परमाणु मिलकर जल का अणु तो बनता। यहाँ तो जिंदगी कागज की नाव की तरह बही जा रही है। जमाना बाढ़ बनकर हमेशा पीछे लगा रहता है। जब देखो तब डुबोने के चक्कर में। शायद औरों की झोपड़ियाँ जलाकर उस पर भोजन पकाने से खाने का मजा दोगुना हो जाता होगा। भूख से बिलखती जिंदगियों की अंतर्पीड़ाओं के बैकग्राउंड में एक अच्छा सा संगीत बजा देने से शायद वह कर्णप्रिय लगने लगे। हो सकता है ऊटपटांग गानों के बीच यह भी जोरों से धंधा कर ले।

चलती का नाम गाड़ी है और इस गाड़ी में मुर्दों के बीच सफर करना जो सीख जाता है तो समझो उसकी बल्ले-बल्ले है। वैसे भी यहाँ कौन जिंदा है। सब के सब मरे हुए तो हैं। कोई जमीर मारकर जी रहा है। कोई किसी का मेहनताना खाकर जी रहा है। कोई झूठों वादों से बहलाकर जी रहा है तो कोई मैयत की आग पर रोटी सेककर जी रहा है। यहाँ उल्टा-सीधा जो भी कर लो, लेकिन जीकर दिखाओ यही आज की सबसे बड़ी चुनौती है। या फिर कहलो आठवाँ अजूबा है।

सिर उठाने के लिए नहीं झुकाने के लिए होता है। सिर उठाना तो हमने कब का छोड़ दिया। इतनी ही उठाने की ताकत होती तो दिन को रात, अनपढ़ को विद्वान, सूखी रोटी को मक्खन का टुकड़ा नहीं कहते। एक आदत सी हो गयी है बुरे को अच्छा कहने की, झूठे वादों को सच समझने की। बेरोजगारी को कलाकारी मानने की। जैसे पेड़ कटते समय कुल्हाड़ी में लगी लकड़ी को अपनी बिरादरी समझकर खुश होता है ठीक उसी तरह हम भी अपनी जाति-बिरादरी के मुखिया को चुनकर उनके हाथों गला घोंटवाने का परम आनंद प्राप्त करते हैं। शायद ऐसे ही लोग इस दुनिया में जीने के सच्चे हकदार होते हैं। दुनिया में कीड़े-मकौड़ों से भला किसे शिकायत हो सकती है? कीड़े-मकौड़े तब तक जीवित रहते हैं जब तक किसी के बीच दखलांदाजी नहीं करते। दखलांदाजी करने वालों का जवाब तो सारा जमाना मसलकर ही देता है।यहाँ चुपचाप चलने वालों की टांग में टांग अड़ाया जाता है। इतना होने पर भी वह अगर चलने लगता है, तो उसकी एक टांग काट दी जाती है। हालत यह होती है कि चलने वाला बची हुई एक टांग को अपना सौभाग्य समझकर टांग काटने वाले को शुक्रिया अदा करता है। जो होता है होने दो, जैसा चलता है चलने दो कहकर आगे बढ़ने की आदत डाल लेनी चाहिए। नहीं तो तुम से तुम्हारा भोजन, पानी, बिजली छीन लिया जाएगा। तब तंबूरा बजाने के लायक भी नहीं बचोगे। यह हवा, आकाश, पानी, आग, धरती सब बिकने लगे हैं। वह दिन दूर नहीं जब चंद सांसों के लिए भी इन्हें खरीदना होगा। तब चंद सांस देने वाला दुनिया का सबसे बड़ा दानी कहलाएगा। अपने लिए आहें भरवाएगा। यहाँ तुम्हारा कुछ नहीं है। तुम एकदम ठनठन गोपाल हो। इसलिए सिर उठाने, सवाल पूछने, परेशानी बताने जैसे देशद्रोही काम बिल्कुल मत करो। यह एक आभासी दुनिया है। यहाँ केवल अपना आभास मात्र रहने दो। इसे हकीकत समझने की भूल बिल्कुल मत करना। वरना किसी आरोप में सरेआम लटका दिए जाओगे।

विश्लेषण

प्रियंका सौरभ

डॉक्टरी बना कारोबार, 'झोलाछाप' कर रहे उपचार

देशभर में खासकर गांवों में बिना जरूरी डिग्री वाले डॉक्टरों की भरमार है। कोई तीन-चार साल तक मेडिकल स्टोर पर काम करने के बाद डॉक्टर बन जा रहा है, तो किसी के पूर्वज इलाज करते आ रहे हैं। ये लोग मरीजों को दर्द निवारक दवाएं व इंजेक्शन की बदौलत तुरंत आराम तो दिला देते लेकिन इसका दुष्प्रभाव मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। ये झोलाछाप डॉक्टर (वे डॉक्टर जो न तो पंजीकृत हैं और न ही उनके पास उचित डिग्री है) नकली दवाओं के साथ इलाज कर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है। ऐसा भी देखा गया है कि कई झोलाछाप डाक्टर नशे के व्यापार से भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में गावों में चल रहे ये क्लीनिक नशेड़ियों की पौध को पैदा करने में जुटे हुए है। मगर देश भर में प्रशासन को जानकारी के बावजूद इन पर नकेल कसने की कोई कार्रवाई अंजाम नहीं दी जाती।



पूरी दुनिया में डॉक्टर भगवान् के रूप में लोगों को नज़र आये है और ऐसा हो भी क्यों न? दूसरों को निस्वार्थ भाव से जिंदगी उपहार देने वाले भगवान ही तो है। मगर सरकारी आँकड़ों के अनुसार भारत के 1।3 बिलियन लोगों के लिये देश में सिर्फ 10 लाख पंजीकृत डॉक्टर हैं। इस हिसाब अगर देखा जाये तो भारत में प्रत्येक 13000 नागरिकों पर मात्र 1 डॉक्टर मौजूद है। जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस संदर्भ में 1¬1000 अनुपात को जायज़ और जरूरी मानता है, यानी हमारे देश में प्रत्येक 1000 नागरिकों पर 1 डॉक्टर होना अनिवार्य है। लेकिन ऐसा करने के लिए भारत को वर्तमान में मौजूदा डॉक्टरों की संख्या को कई गुना करना होगा। जहाँ एक ओर शहरी क्षेत्रों में 58 प्रतिशत योग्य चिकित्सक है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह आँकड़ा 19 प्रतिशत से भी कम है। योग्य चिकित्सकों के अभाव में देश में में झोलाछाप डाक्टरों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इन झोलाछाप डॉक्टरों के कारण मरीजों की जान सासत में है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग आखें मूंदे बैठा है। विभाग की अनदेखी के कारण झोलाछाप डाक्टर चाँदी कूट रहे है। गाँवों में तो ये स्थिति और भी बदतर है। भारत के प्रत्येक गाव में कई-कई झोलाछाप डाक्टर मरीजों को लूट रहे हैं। यह धधा इतना चंगा हो गया है कि लोग धड़ल्ले से इस व्यवसाय में एंट्री कर रहे है। गावों में इस प्रकार के झोलाछाप डाक्टर सरेआम क्लीनिक चलाकर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से देश में बड़ी संख्या में झोलाछाप पनप रहे हैं। गांवों से लेकर शहरों तक हर जगह ऐसे डॉक्टर क्लीनिक खोलकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिनके पास मेडिकल की डिग्री तक नहीं है। अधिकांश डॉक्टर तो इंटरमीडिएट या स्नातक पास होते हैं। मरीजों की हालत बिगड़ने पर शहर के किसी निजी अस्पताल में रेफर कर देते हैं। इसका इनको कमीशन भी मिल जाता है। इस कमीशन का भार भी मरीज पर पड़ता है। माने तो इन झोलाछाप का धंधा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मेहरबानी से चल रहा है। इन अवैध कारोबारियों पर स्वास्थ्य महकमे के आला अधिकारियों की अनदेखी से इनके गोरखधंधे पर कोई आंच नहीं आती। इन झोलाछाप डॉक्टरों (वे डॉक्टर जो न तो पंजीकृत हैं और न ही उनके पास उचित डिग्री है) की संस्कृति हमारी स्वास्थ्य प्रणाली के लिये काफी खतरनाक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि भारत में 57।3त्न डॉक्टर वास्तव में बिना मेडिकल डिग्री के हैं। और, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि उनमें से ज्यादातर देश के ग्रामीण इलाकों में पाए जाते हैं। इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956, दिल्ली मेडिकल काउंसिल एक्ट 1997, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स 1945 में कहा गया है कि केवल एक रजिस्टर्ड डॉक्टर ही एलोपैथिक दवा लिख सकता है। भारतीय चिकित्सा पद्धति के लिए, भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 कहता है कि भारतीय चिकित्सा पद्धति के अभ्यासी के अलावा कोई भी व्यक्ति जो किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा योग्यता रखता है और किसी राज्य रजिस्टर या भारतीय चिकित्सा के केंद्रीय रजिस्टर में नामांकित है, भारतीय में मेडिकल और किसी भी राज्य में मरीजों के लिए दवा लिखेगा। इसके अलावा यदि कोई अन्य ऐसा करता पाया तो उसके लिए इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 में कारावास की सजा का उल्लेख है जो एक वर्ष तक का हो सकता है या जुर्माना जो 1,000 रुपये तक हो सकता है या दोनों हो सकता है, दिल्ली मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1997 के तहत क्लॉज (27) में 'कठोर दंड' का उल्लेख किया गया है । इसमें तीन साल तक की कैद या 20,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते है। भारतीय दंड संहिता भी इन मामलों को धारा 429 (प्रतिरूपण), 420 (धोखाधड़ी) और 120 B (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत देखती है। मगर इतना होने के बावजूद देश में ऐसा हो क्यों रहा है? इस धंधे के इतना फूलने- फलने का कारण सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है। साथ ही जो सरकारी मेडिकल अफसर है वो बड़े घरों से आते है और खासकर गाँवों में मरीज देखना पसंद नहीं करते, जिसकी वजह से उनका ध्यान अपने प्राइवेट हॉस्पिटल पर ज्यादा रहता है। झोलाछाप का धंधा फलने फूलने के पीछे स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात डॉक्टरों की लापरवाही है। सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को समय से डॉक्टर नहीं मिलते। गावों के लोगों को सरकार द्वारा स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को इन झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाना पड़ रहा है। गांवों में बिना जरूरी डिग्री वाले डॉक्टरों की भरमार है। कोई तीन-चार साल तक मेडिकल स्टोर पर काम करने के बाद डॉक्टर बन जा रहा है, तो किसी के पूर्वज इलाज करते आ रहे हैं। ये लोग मरीजों को दर्द निवारक दवाएं व इंजेक्शन की बदौलत तुरंत आराम तो दिला देते लेकिन इसका दुष्प्रभाव मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। ये झोलाछाप डॉक्टर नकली दवाओं के साथ इलाज कर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है। ऐसा भी देखा गया है कि कई झोलाछाप डाक्टर नशे के व्यापार से भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में गावों में चल रहे ये क्लीनिक नशेड़ियों की पौध को पैदा करने में जुटे हुए है। मगर देश भर में प्रशासन को जानकारी के बावजूद इन पर नकेल कसने की कोई कार्रवाई अंजाम नहीं दी जाती। इन फर्जी डॉक्टरों द्वारा मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश भर में जगह-जगह बिना रजिस्ट्रेशन वाले डॉक्टर क्लीनिक चला रहे हैं। इतना ही नहीं क्लीनिकों के नाम बड़े शहरों के क्लीनिकों की तर्ज पर रखते है, जिससे लोग आसानी से प्रभावित हो जाते है। मरीज अच्छा डॉक्टर समझकर इलाज करवाते हैं, लेकिन उन्हें इस बात का पता नहीं रहता है कि उनका इलाज भगवान भरोसे किया जा रहा है। फर्जी डाक्टरों ने इस धंधे को और लाभदायक बनाने के लिए निजी अस्पतालों से भी सांठगांठ कर रखी है। मरीज की हालत ज्यादा गंभीर होने पर वो उसे वहां भेज देते हैं, जहां से उन्हें कमीशन के तौर पर फायदा होता है। फर्जी डॉक्टरों का ग्रामीण क्षेत्रों में धंधा खूब फल-फूल रहा है। फर्जी डॉक्टर ग्राम स्तर पर शाखाएं जमाए हुए हैं और बड़े डॉक्टरों की तर्ज पर बिना संसाधनों के क्लीनिक चलाते हैं। फर्जी डॉक्टर वहीं दवा लिखते है जिनमें उन्हें कमीशन मिलता है। अक्सर ऐसे मामले देखने को मिलते है कि फर्जी डॉक्टरों के इलाज से मरीज की जान पर आफत आ जाती है । हमारी शिक्षा प्रणाली भी ऐसे धंधों के को पनपाने में बराबर कि दोषी है। देश में हर साल कई फर्जी संस्थान हैं जो असंख्य फर्जी मेडिकल डिग्री सौंपते हैं। राजनेताओं के ऐसे निजी शिक्षा संस्थाओं से निहित स्वार्थ है जो इन सबको बढ़ावा दे रहे है। सरकार को ऐसे संस्थानों पर लगाम लगानी चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालयों को देश भर में जिला प्रशासन के साथ मिलकर इन झोलाछाप डॉक्टरों पर नकेल कसनी चाहिए और लोगों को भी इस दिशा में स्वयं जागरूक होना चाहिए कि वो इन झोलाछाप के पास न जाकर अपने गाँव के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाये। ग्रामीण पंचायतों को इस दिशा में ये प्रयास करना चाहिए कि उनके गाँव में स्वास्थ्य केंद्र पर कोई स्टाफ और जरूरी चिकित्सा सेवा उपकरणों की कमी न हो। अगर ऐसा है तो वो सरकार से मांग कर उनको सर्वप्रथम पूरा करवाए। सरकारी चिकित्सिकों पर जहां ड्यूटी है वहां रात को भी रुकने की पाबंदी लगाई जाये। ग्रामीण क्षेत्र में सर्विस का नियम हर चिकित्सा कर्मी पर लागू कर उनके प्राइवेट प्रैक्टिस पर कानूनी पाबन्दी हो तो ये झोलाछाप स्वतः ही खत्म हो जायँगे।

एक नजर

बाला साहब ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई गई

भानुप्रतापपुर, 18 नवंबर। हिंदू हृदय सम्राट ,शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे की पुण्यतिथि शिवसेना कार्यकर्ताओं, भारतवर्ष की आम जनता, हिंदुओं द्वारा पूरे भारतवर्ष में मनाई गई एवं इस अवसर पर शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे द्वारा हिंदुत्व के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया। इसी तारतम में शिवसेना भानुप्रतापपुर इकाई द्वारा शिवसेना कार्यालय में हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना के जनक बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर उनके द्वारा हिंदुत्व, राष्ट्रीय एवं देश हेतु किए गए कार्यों को याद करते हुए शिवसेना कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि जब भी भारतवर्ष या विश्व में कहीं भी हिंदुत्व के ऊपर कोई बात आएगी तो शिवसेना कार्यकर्ता पीछे नहीं हटेंगे। एवं पूरे भारतवर्ष में शिवसेना कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर हिंदुत्व, एवं देश प्रेम की भावना को आम जनता के अंदर जागृत करते हुए देश में राष्ट्रभक्ति, हिंदू भक्त, जागरूक नागरिक बनाने की चेष्टा में सदैव आगे बढ़ेंगे। एवं भारतवर्ष हेतु अपना जान न्योछावर करने हेतु तैयार रहेंगे।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति पाने वाला शिक्षक बर्खास्त

बस्तर। जिले में फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी करने वालों पर शिक्षा विभाग ने करवाई की है. दो शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई है. जिन दो का सेवा समाप्त किया गया है, उसमें व्याख्याता चंद्र कांत प्रसाद और कांती प्रसाद का नाम शामिल है.जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में कार्रवाई करते हुए बड़े मुरमा के हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ व्याख्याता चंद्र कांत प्रसाद और कलचा हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ कांती प्रसाद की सेवा समाप्ति कर दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

सूरजपुर, 18 नवंबर । मतदान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल सुबह से ही प्रबंधन को लेकर सक्रिय दिखे। ×64 मतदान केंद्र में किया गया था वेब कास्ट, जिले के तीनों विधानसभा के लिये ×64 मतदान केंद्र में वेब कास्ट की व्यवस्था की गई थी । जिसके लिए जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष को कंट्रोल रूम बनाया गया था । वेब कास्ट का संपादन बिना किसी बाधा के हो रहा है, इस पर नजर रखने के लिए मतदान शुरू होने के पूर्व से ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल व एसपी श्री आई कल्याण एलिसेला सभा कक्ष में उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल और एसपी श्री आई कल्याण एलिसेला एक साथ मतदान केंद्र का अवलोकन करने के लिए निकले थे। मतदान केंद्र पहुंचकर उन्होंने अपने मताधिकार के उपयोग करने के लिए आए नागरिकों से मतदान स्थल की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इसी बीच दोनों अपने आबंटित मतदान केंद्र पर भी पहुंचे और और उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आदर्श मतदान केन्द्र (संगवारी बूथ) मा.शा. नवापारा सूरजपुर में अपना वोट डाला और एसपी श्री आई कल्याण एलिसेला ने शासकीय कन्या उ'चतर माध्यमिक शाला बिश्रामपुर में अपना वोट डाला। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल एवं एसपी श्री आई कल्याण एलिसेला के द्वारा आ.जा. क. पूर्व मा. शाला गंगापुर, शा.प्रा. शाला महेशपुर, शा.क.उ.मा. वि. विश्रामपुर, आ.जा. शा.क. मा. शाला, हाई स्कूल नवापारा, शा.प्रा. शाला जुनापारा सिरसी, शा.प्रा. शाला करकोटी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर व नपा अध्यक्ष ने डाला वोट,71 फीसदी हुआ मतदान

गरियाबंद, 18 नवंबर । छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का मतदान शुरू हो चूका है। गरियाबंद जिले में सुबह 8 बजे से लोग मतदान केंद्र पहुंचकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को हुआ था। पहले चरण में 90 में से 20 सीटों पर मतदान हुआ था और बाकी 70 सीटों पर आज मतदान संपन्न हुआ।इस बीच कलेक्टर गरियाबंद आकाश छिकारा ने सपत्नीक गरियाबंद स्थित सिविल लाइन के मतदान केंद्र 271, शासकीय प्राथमिक शाला किसानपारा के आदर्श संगवारी मतदान केंद्र में पहुंचकर लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया व नपा अध्यक्ष ग.फू.मेमन और उनकी पत्नी निलोफर मेमन ने आत्मानंद अंग्रजी मीडियम स्कूल में अपने मत का प्रयोग किया नपा अध्यक्ष ग.फू मेमन ने पत्नी के साथ डाला वोट, सेल्फी भी ली नपा अध्यक्ष ग.फू.मेमन और उनकी पत्नी निलोफर मेमन रायपुर रोड स्थित आदर्श मतदान केंद्र पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया.नपा अध्यक्ष ने गरियाबंद नगरवासियों के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की. मतदान के बाद नपा अध्यक्ष और उनकी पत्नी ने सेल्फी जोन में फोटो भी खिंचाई।इन 70 सीटों पर कुल 958 उ मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या, चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़, 18 नवंबर। दिनांक 16.11.2023 के दोपहर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को ग्राम सम्बलपुरी से गांव के कोसाबाडी पीछे जंगल के पगडंडी में एक महिला का शव पड़े होने की सूचना मिला । तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना देते हुए अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे । जहां गांव की शारदा खडिया पति कीर्तन खडिया उम्र 35 वर्ष का शव रक्तरंजित अवस्था में पड़ा मिला । मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शारदा और उसके पति कीर्तन खडिया के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हो रहा था, झगडा बढा तो कीर्तन खडिया अपने पास रखे लोहे के फावडा से शारदा खडिया के सिर में मारकर उसकी हत्या कर भाग गया है । चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मौके पर शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजी । घटना के संबंध में रिपोर्ट करता निराकार रठिया के रिपोर्ट पर आरोपी कीर्तन खडिया पर हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में लिया गया । आरोपी कीर्तन खडिया के संबंध में जानकारी मिली कि वह चोरी के मामले में जेल में था, करीब दो माह पहले बाहर आया है । गांव आने के बाद से कीर्तन उसकी पत्नी पर चरित्र शंका कर झगड़ा विवाद करता था और झगड़ा विवाद में उसकी हत्या किया है । फरार आरोपी कीर्तन खडिया के आज सुबह गोपालपुर में देखे जाने की सूचना पर तत्काल टीआई प्रशांत राव स्टाफ के साथ दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया । आरोपी द्वारा चरित्र शंका पर उसकी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया, जिसके मेमोरेंडम पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का फवड़ा, घटना समय पहने कपड़े (खून लगे) तथा घटनास्थल के पास से महत्वपूर्ण साक्ष्य को सुरक्षित जप्त किया गया है । आरोपी कीर्तन खडिया पिता जयमंगल खडिया उम्र करीब 31 वर्ष साकिन सम्बलपुरी थाना चक्रधरनग जिला रायगढ को आज हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, उप निरीक्षक जी.एल. साहू, प्रधान आरक्षक लोमश राजपूत, आरक्षक सुशील यादव की अहम भूमिका रही है ।

पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच का आदेश

कांकेर, 18 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले के थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत 21 अक्टूबर 2023 को प्रातः 07 बजे ग्राम केसोकोड़ी और गोमे के बीच जंगल पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ घटना में दो अज्ञात नक्सली (माओवादी) की मृत्यु की निष्पक्ष जांच, गंभीरता एवं आवश्यकता को देखते हुए डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व अनुभाग अंतागढ़ श्री विश्वास कुमार को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें अपना जांच प्रतिवेदन तैयार कर 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। दण्डाधिकारी जांच में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के घटना की पृष्ठभूमि, घटना में शामिल सशस्त्र बलों के सर्चिंग अभियान हेतु विभागीय आदेशों, निर्देशों का विवरण, ग्रामीणों का कथन-साक्ष्य, अभिमत आदि का विवरण, थाना कोयलीबेड़ा में दर्जएफआईआर, पुलिस विवेचना व अभिमत का उल्लेख करते हुए सुसंगत धाराओं का विवरण इत्यादि बिन्दुओं पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

जिले में कुल 85.04 प्रतिशत मतदान

- गरियाबंद जिले में शांतिपूर्ण मतदान हुआ
- बिंद्रानवागढ़ में 86.02 प्रतिशत, राजिम में 84.03 प्रतिशत मतदान हुआ
- मतदान का प्रतिशत बढ़ने से लोग तरह-तरह के लगा रहे हैं कयास
- मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 18 नवंबर। जिला के दोनों विधानसभाओं के मतदाताओं में में भारी उत्साह देखा गया जिसका परिणाम स्वरुप जिले में 85.04 प्रतिशत मतदान हुआ । जिसके अंतर्गत राजिम में 86.02 बिन्दाँनवागढ में 86.04 प्रतिशत मतदान हुआ ।निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुआ। मतदान में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। मतदान की प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है।मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से जिला मुख्यालय गरियाबंद के कृषि उपज मंडी परिसर में किया जाएगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान दिवस को दोनों विधानसभाओं में कुल 85.04 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के राजिम विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 54 में 94 हजार 647 पुरूष मतदाताओं तथा 97 हजार 230 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इसी तरह बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 55 में 95 हजार 768 पुरूष मतदाताओं तथा 99 हजार 79 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। राजिम विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 54 में 84.03 प्रतिशत रहा। जिसमें पुरूष मतदाताओं ने 84.38 प्रतिशत एवं महिला मतदाताओं ने 83.07 प्रतिशत मतदान किया। इसी प्रकार बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 86.02 प्रतिशत मतदान रहा। जिसमें पुरूष मतदाताओं ने 86.06 प्रतिशत एवं महिला मतदाताओं ने 85.97 प्रतिशत मतदान किया।

समाचार संक्षेप

शहीद आईटीबीपी जवान को दी श्रद्धांजलि

गरियाबंद, 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आईईडी विस्फोट में बलिदानी आइटीबीपी के जवान जोगिंदर सिंह को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई।गरियाबंद पुलिस लाइन में शनिवार की सुबह बलिदान जवान को अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान गरियाबंद जिला प्रशासन के आला अधिकारी और स्थानीय पुलिस के साथ बड़ी संख्या में आइटीबीपी के जवान मौजूद रहे।जवान को गार्ड आफ आफ हानर देने के दौरान उनके साथी जवानों की आंखें नम हो गईं। जवान के पार्थिव शरीर को गृह ग्राम जम्मू कश्मीर के लिए रवाना किया गया। बिंद्रानवागढ़ में आइईडी ब्लास्ट, जवान शहीददरअसल, गरियाबंद जिले के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाया गया आइईडी ब्लास्ट हो गया, इससे मतदान दल को वापस लाने गए जम्मू के सांबा जिले के अबताल काटलां निवासी आइटीबीपी जवान जोगिंदर सिंह शहीद हो गए थे। उनके पिता दिलीप सिंह व बड़ा भाई भी सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं। दो छोटे भाइयों में एक आइटीबीपी और दूसरा बीएसएफ में है।

घटुला-बोराई मार्ग पर तेज रफ्तार कार की ठोकर से गर्भवती मादा हिरण की मौत

धमतरी- नगरी। सड़क पार कर रहे हिरण की कार से टक्कर हो जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह से डैमेज हो गया, बताया जा रहा है कि घटना उस वक्त हुआ जब एक परिवार कार में सवार होकर केशकाल की तरफ जा रहा था तभी सड़क पार कर रहे हिरण और कार की भिड़ंत होने से मादा चीतल की मौत हुई है। जिसकी उम्र तकरीबन 3 वर्ष देखने से लग रहा है चीतल गर्भवती थीमिली जानकारी के मुताबिक घटना उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के सीतानदी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत घटुला से बोराई मार्ग पर आधामांझी मंदिर के पास की बताई जा रही है। इधर मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सेल्फी जोन बना मतदाताओं के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र

सारंगढ़ बिलाईगढ़, 18 नवंबर । जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा में कुल 24 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में विशेष तौर पर सजावट की गई है।सेल्फी पॉइंट पर लोग मतदान देकर युवाओं से लेकर बुजुर्ग सभी सेल्फी जोन में अपनी तस्वीर कैद कर रहे हैं और इस बार किए गये मतदान को यादगार बना रहे हैं। कई आदर्श मतदान केंद्रों को फूल माला से सजाया गया है जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इसी तरह यहां मतदाता मित्र भी वरिष्ठजनों का और दिव्यांग मतदाताओं का भरपूर सहयोग कर रहे हैं। कई स्थानों पर तिलक और आरती लगाकर भी मतदाताओं का स्वागत किया जा रहा है।

मतदान केन्द्रों में की गई व्यवस्थाओं से मतदान दल एवं मतदाता प्रसन्न

बालोद, 18 नवंबर । विधानसभा निर्वाचन 202× के तहत बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के मतदान केंद्रों में मतदान तिथि आज 17 नवंबर के लिए की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं की सराहना मतदान कर्मियों के अलावा मतदाताओं ने भी की है। मतदान कराने हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे मतदान दलों के सदस्यों ने मतदान केंद्रों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं पर संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन ने इस विधानसभा निर्वाचन में मतदान केन्द्रों में मतदान दलों तथा सुगमतापूर्वक मतदान कराने हेतु साफ सफाई, बिजली, पेयजल, फर्नीचर, मतदान दलों के सोने तथा भोजन आदि की समूचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। जिला मु यालय बालोद के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालोद के मतदान केंद्र क्रमांक ×8 के पीठासीन अधिकारी श्री लोमन कुमार ने मतदान केंद्र में की गई व्यवस्थाओं की भूरी-भूरी सराहना की है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की है वह बहुत ही प्रशंसनीय है। इसके अलावा मतदान केंद्र में मतदान करने पहुँचे आमापारा बालोद निवासी श्री हितेश अग्रवाल एवं प्रकाश देशमुख ने भी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालोद के आदर्श मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से सराहना की है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मतदान केंद्र में आकर्षक साज-स'जा के अलावा मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी जरूरी सुविधाओं के अलावा मतदान करने पहुँचे शिशुवती माताओं के नन्हें-मुन्हें ब'चों के देखभाल एवं मनोरंजन हेतु अस्थाई आंगनाबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई है। जिससे मतदान केंद्र में आने वाले ब'चों के किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़ रहा है। इसी तरह आदर्श संगवारी मतदान केंद्र क्रमांक 79 झलमला, इको ग्रीन आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 52 उत्तर लाटाबोड़, आदर्श संगवारी मतदान केंद्र क्रमांक 168 ग्राम सिकोसा, आदर्श मतदान केंद्र कोलिहामार के मतदान केंद्रों की भी व्यवस्थाओं की सराहना मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों ने की है।

कलेक्टर ने सढ़ौली और पारागांव मतदान केन्द्र का लिया जायजा

गरियाबंद, 18 नवंबर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने मतदान करने के उपरांत जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम पारागांव स्थित संगवारी मतदान केन्द्र क्रमांक -11 एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम सढ़ौली स्थित आदर्श संगवारी मतदान केन्द्र का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र पारागांव में मताधिकार का प्रयोग करने व्हील चेयर में आयी दिव्यांग सुश्री अनुराधा गुप्ता को पुष्पहार भेंट कर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान अनुराधा ने बताया कि वे सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करते है।

आदर्श एवं संगवारी मतदान केंद्र बने विशेष आकर्षण का केंद्र

बालोद, 18 नवंबर । बालोद जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र में मतदाताओं को आवश्यक सुविधा एवं परिवेश उपलब्ध कराने हेतु स्थापित किए गए आदर्श मतदान केंद्र एवं संगवारी मतदान केंद्र मतदाताओं एवं आम लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उल्लेखनीय है कि आदर्श मतदान केंद्रों में अपने नन्हें-मुन्हें ब'चों के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले शिशुवती महिलाओं के ब'चों की देखरेख की सुविधा के लिए अस्थाई आंगनबाड़ी केंद्रों भी स्थापित किया गया था। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में ब'चों के मनोरंजन, विश्राम, गर्म भोजन, नाश्ता, पेयजल आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अस्थाई आंगनबाड़ी केंद्रों में अपने ब'चों के साथ आने वाले महिलाओं ने बालोद जिला प्रशासन की इस नवाचार की सराहना की है। इसी तरह आदर्श मतदान केंद्रों में आकर्षक साज-स'जा के साथ-साथ मतदाताओं के बैठने के लिए अ'छी गुणवत्ता वाले फर्नीचर, रै प, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, टेंट, शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था के अलावा मतदाताओं की सहायता के लिए बूथ लेवल अधिकारियों की तैनातगी की गई है। विदित हो कि आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 79 झलमला में तांदुला जलाशय के थीम पर मतदान केंद्र का साज-स'जा किया गया। इसी तरह संगवारी मतदान केंद्र सिकोसा में छत्तीसगढ़ी एवं ग्रामीण संस्कृति पर थीम पर आधारित बेहतरीन साज-स'जा की गई है। इसके साथ ही इको ग्रीन आदर्श मतदान केंद्र उत्तर लाटाबोड़ भी लोगों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र रहा।

मतदान में 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं के अलावा 80 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने बेटा-बहु, पोता-पोती एवं परपोतियों के साथ एवं दिव्यांग मतदाताओं के साथ-साथ नवद पत्ति तथा बहु, पोता-पोतियों के संग एक साथ किया मतदान किया। इसके अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के मतदान केंद्र कोसागोंदी में आज एक ही परिवार के तीन पीढ़ियों ने एक साथ मतदान किया।

जवान के पार्थिव शरीर को प्लेन से भेजा जा रहा है जम्मू कश्मीर

शहीद जवान को अधिकारी- कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 18 नवंबर। भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा पुलिस बल में कार्यरत एक हेड कांस्टेबल जोगिंदर सिंह की कल मतदान दल की वापसी के दौरान आईईडी ब्लास के चपेट में आ जाने से मौत हो गई जिन्हें आज पुलिस लाईन में सलामी दी गई। सलामी के बाद जवान के पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम जम्मू कश्मीर के लिए रवाना किया गया।

कल 17 नवम्बर को प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दुसरा चरण में 70 सीटो पर मतदान हुआ इस दौरान गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के बडे गोबरा से मतदान दल को वापस लाने के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आई.डी ब्लास्ट के चपेट में आने से बी टी बी जवान जोगिंदर सिंह शहीद हो गए जिससे पुरे प्रदेश में शोक की लहर देखा जा रहा है मृत जवान का पार्थिव शरीर को एम्बुलेंस के माध्यम से मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा परीक्षण के बाद मृत घोषित किया गया जाने के बाद भारी सुरक्षा बल के बीच शहीद जवान के पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय गरियाबंद लाया गया जहां पोस्टमार्टम के पाश्चयात आज सुबह 8:15 को पुलिस लाइन परिसर में जवान जोगिंदर सिंह के पार्थिव शरिर को ज़िला प्रशासन और पुलिस विभाग एवं पैरामिलेट्री के जवान के द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई शहीद जवान सरदारा जोगिंदर सिंह पैरामीलेट्री फ़ोर्स में हेंड कांस्टेबल के पद पदस्थ थे और वे जम्मू कश्मीर के निवासी थे इस अवसर पर विशेष रूप से गरियाबंद पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले जिलाधीश आकाश छिकारा सहायक निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज अग्रवाल अतिरिक्त जिला जिला अधिकारी अविनाश भोई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी एस पटेल कंपनी कमांडर निर्वाचन प्रेक्षक के साथ ही सैकड़ो अर्ध सैनिक बल के जवान एवं पुलिस जवान उपस्थित थे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कम्बले ने पत्रकारों को बतलाया की शहीद जवान को नियमानुसार 1 लाख सहायता राशि प्रदान किया जा रहा है तथा अन्य राशि जो नियमानुसार निर्वाचन आयोग एवं अन्य स्थानों से प्रदान होगा जल्द से जल्द उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा ।जवान का पार्थिक शरीर गरियाबंद से रायपुर माना एरोड्रम ले जाया गया जहां से जम्मू कश्मीर भेजा जा रहा है

एक नजर

स्काउट गाइड ने मतदाता मित्र के रूप में किया सेवा कार्य

राजिम, 18 नवंबर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर राजिम एवं बिंद्रानवागढ के आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद रमेश कुमार निषाद एवं जिला सचिव रेमन लाल साहू के मार्गदर्शन में जिला संगठन आयुक्त स्काउट आशीष साहू एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड सीमा साहू के विशेष सहयोग से जिला गरियाबंद अंतर्गत मतदान केंद्रों में मतदाता मित्र के रूप सेवा कार्य किया गया. इस अवसर पर सेवा कार्य में निःसक्त जनो,दिव्यांग एवं बुजुर्गो को मतदान केंद्र तक व्हील चेयर के माध्यम से मतदान केंद्र तक पहुंचने,मतदाताओं को पानी पिलाने एवं अन्य सौपे गए कार्य सभी स्काउट गाइड द्वारा निर्वाचन कार्य में सेवा प्रदान किया गया। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

मतदान सामग्री वितरण के दौरान शराब पीकर आने वाला प्रधान पाठक और शिक्षक निलंबित

महासमुंद,18 नवंबर। निर्वाचन कार्य के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने पर मतदान दल अधिकारी क्रमांक 1 एवं मतदान दल अधिकारी क्रमांक 2 क्रमशः कार्तिकेश्वर भोई प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सुखापाली एवं थानेश्वर प्रसाद मार्कण्डेय शिक्षक ई (एलबी) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मानपुर को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने निलंबित कर दिया है।विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत 16 नवंबर को कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद में मतदान सामग्री वितरण के दौरान दोनों अधिकारी द्वारा लापरवाहीपूर्वक कार्य करने की सूचना मिलने पर डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया। जिसमें दोनों को शराब का सेवन किया जाना पाया गया। इनके उक्त कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के नियम 134 तथा छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2,3 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत दंडनीय है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत कार्तिकेश्वर भोई प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सुखापाली एवं थानेश्वर प्रसाद मार्कण्डेय शिक्षक ई (एलबी) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मानपुर को छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में कार्तिकेश्वर भोई एवं थानेश्वर प्रसाद मार्कण्डेय का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सरायपाली निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

ग्राम पंचायत बेलसोंडा का सचिव निलंबित

महासमुंद,18 नवंबर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलसोंडा के ग्राम पंचायत सचिव समीर बंजारे को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश में मतदान केंद्र में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण एवं 16 नवंबर को ग्राम पंचायत में अनुपस्थित पाए जाने के कारण कार्रवाई की गई है। बंजारे को जिला पंचायत महासमुंद कार्यालय में निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

राजिम में 45 एवं बिंद्रानवागढ़ में 42 प्रतिशत मतदान, मतदाताओं की लगी कतार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 18 नवंबर। द्वितीय चरण के मतदान में बीते 6 घंटा में मतदान का प्रतिशत तेजी से बढ़ा है जहां प्रथम 2 घंटे में लगभग 10 प्रतिशत रहा तो दूसरे दो घंटे में यह लगभग 19 प्रतिशत हो गया छठवें घंटे में यह प्रतिशत बढ़कर 43.20 प्रतिशत तक पहुंच गया जिसमें राजिम में 41.84प्रतिशत एवं बिंद्रा नवागढ़ में 44.57 पहुंच गया है तेजी से मतदान के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है इस तरह से यह कहा जा सकता है कि मतदाताओं में उत्साह व रुझान काफी है वे तेजी से मतदान करने आ रहे हैं ।दोपहर 1 बजे कड़कती धूप में लोग घरों से बाहर निकल मतदान करने पहुंच रहे हैं । लगातार मतदान के प्रति प्रशासन द्वारा जागरूकता पैदा किए जाने वा प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा घर-घर पहचने से मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है।

आज प्रातः बिंद्रानवगढ़ क्षेत्र के 9 मतदान केंद्र गरीबा, सहाबीन कछार, गोबर, कामरभौदी के साथ ही अन्य स्थान जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र है वहां प्रातः 7:00 बजे से मतदान प्रारंभ कर दोपहर 3:00 बजे तक जारी रहेगा

इसके बाद मतदान दल मतगणना केओ की ओर लौटेगा वहीं दूसरी ओर अन्य 564 मतदान स्थल पर प्रातः 8:00 बजे से 5:00 बजे तक मतदान प्रक्रिया जारी रहेगी ।आम मतदाताओ का मतदान के प्रति काफी रुझान बड़ा है और यह रुझान किसी और जाएगा यह कहना अभी संभव नहीं है किंतु यह भी सत्य है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में बीते तीन माह से एकाएक काफी उत्साह बड़ा है जिसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का लगातार छत्तीसगढ़ का दौरा कर एकर्ताओं में जोश भरने का जो काम किया उसके चलते रिचार्ज होते भी नजर आए हैं अब सवाल यह है कि यह रिचार्ज किस हद तक पहुंचता है और भाजपा अपनी 15 सिट को कितना अधिक बढ़ा सकती है क्या यह आंकड़ा 45 पार पहुंच जायेगा यह अपने आप पर बड़ा सवाल है। आज गरियाबंद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आकाश छिकारे ,उनकी धर्मपत्नी, सहायक निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, जिला जिला पंचायत सी ईओ श्रीमती रिता यादव ने गुलाबी मतदान केंद्र में मतदान केंद्र मे शुरुआती प्रथम घंटे में मतदान किया। मतदान के दौरान बिंद्रा नवागढ़ एवं राजिम विधानसभा में एक-एक वोटिंग मशीन खराब हुई जिसे तत्काल बदल गया।

जिले के 540 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग

महासमुंद,18 नवंबर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन- 2023 को लेकर महासमुंद जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र महासमुंद, खल्लारी, बसना व सरायपाली में मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इस बार जिले में 540 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है।विधानसभा क्षेत्र महासमुंद के 126 मतदान केंद्रों, खल्लारी के 136, बसना के 143 एवं सरायपाली के 133 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्टिंग की गई है। वेबकास्टिंग की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नियंत्रण कक्ष से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर एसके टंडन और सहायक नोडल अधिकारी भूपेंद्र अंबिलकर के मार्गदर्शन में नियंत्रण कक्ष में सतत नजर रखे हुए है। उनके साथ 4-4 कर्मचारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, तकनीकी व आईटी कुल 16 कर्मचारी मौजूद है।

कैमरे बूथ उन स्थानों पर चिन्हित किए गए हैं, जहां नेटवर्किंग की व्यवस्था है। लाइव प्रसारण की जिम्मेदारी आईटी विभाग कर रहा है। इन बूथों पर तीन स्तर पर निगरानी की व्यवस्था हो रही है। विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और रायपुर में राज्य निर्वाचन आयोग इन बूथों पर मतदान प्रक्रिया को लाइव देख रहे हैं। सहायक नोडल अधिकारी अंबिलकर ने बताया कि चारों विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न मतदान केंद्रों की कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी के लिए व्यवस्थाएं की गई है।

जिले की महिलाओं सहित सभी वर्गों में दिखा भारी उत्साह

दुर्ग, 18 नवम्बर। विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत महिलाओं का मतदान के प्रति जागरूकता एवं उत्साह देखने को मिला। मतदान केन्द्र क्रमांक 146 स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम जे.आर.डी. हायर सेकेण्डरी स्कूल में महिलाएं उत्साह के साथ मतदान का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी दी। जिले के फर्स्ट टाइम युवा मतदाताओं सहित बुजुर्ग, महिला सभी वर्ग के मतदाताओं में भारी उत्साह दिखा। मतादिकार उपयोग करने हेतु मतदान केन्द्र 146 में उपस्थित होकर अपने मतादिकार का उपयोग किये।

मतदाताओं ने कहा- मजबूत एवं ईमानदार सरकार के लिए मतदान किए हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम 17 नवंबर। शुक्रवार 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के 70 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान संपन्न हुआ। इसमें मतदान करने मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया। ऐसा पहली बार हुआ है जब सुबह से लेकर देर शाम तक लाइन टूटने का नाम ही नहीं लिया। लोग घंटे भर तक इंतजार करते रहे और जैसे ही मतदान दल के करीब पहुंचे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मत दिए। वीप की आवाज और हो गया मतदान। कई जगह सेल्फी जोन की व्यवस्था की गई थी। जहां लोग पहुंच कर सेल्फी लेते रहे और व्हाट्सएप ग्रुप पर पोस्ट भी किया। बता देना जरूरी है कि राजिम विधानसभा में 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। कुल 2,28,132 मतदाता है। जिसमें पुरुष मतदाता 1, 12,066 महिला मतदाता 1, 16,048 तथा अन्य मतदाता 18 है। 185 मतदान केंद्र चौबेबांधा में मतदान देने पहुंचे 68 वर्षीय मतदाता गौतरिहा चेलक ने बताया कि कई बार हमने मत दिया है लेकिन इस बार का उत्साह कुछ अलग ही नजर आ रहा है। युवाओं के साथ उम्रदराज लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ताराचंद यादव, सालिक सोनकर, ओमप्रकाश साहू, उत्तम साहू, डाहरू सोनकर, घणाराम साहू ने बताया कि मतदान अधिकार से ज्यादा राष्ट्रीय कर्तव्य है अच्छी सरकार चुनने के लिए जरूरी है कि हम सभी चुने, सही चुने और ईमानदार तथा मजबूत सरकार बनाएं। लोकतंत्र के महोत्सव में मतदाता ही है जो इस महायज्ञ में आहुति डाल उत्सव को मुकाम तक पहुंचता है। मंथोर पाल, भीखम सोनकर, विष्णु जांगड़े,गोकुल जांगड़े, लोकेश जांगड़े ने कहा कि मतदान है करके आज काम जल्दी से निपटाकर आ गए हैं हमारे एक वोट से ही सरकार बनती और गिरती है। अनूप कुमार साहू ने कहा कि मतदान के कारण 100 किलोमीटर की दूरी तय करके आया हूं। मेरी एक वोट की कीमत बहुत बड़ी है। अच्छी एवं ईमानदार सरकार के लिए मैं अपनी वोट का मायने समझता हूं। पहली बार मतदान करने पहुंची वर्षा पाल, दीप्ति साहू, काजल साहू, पिंकी सोनकर ने बताया कि पहली बार मतदान किए हैं कैसे होगा, क्या होगा करके थोड़ी घबराहट थी। लाइन जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई और हम बूत के अधिकारी क्या कर रहे हैं उसे देखे, तब हमें बहुत सरल लगा और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में जैसे ही बटन दबाया उसके बाद वीप की आवाज आई तब अच्छा लगा और हम भी देश के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं ऐसा सोचकर प्रफुल्लित हुए। दिव्यांग बलिराम, दादू भी मतदान के लिए पहुंचे हुए थे। इन्होंने बताया कि बूथ में दिव्यांगों के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी। लेकिन हमें वोट करना है थोड़ी तकलीफ भी मिले तो हम सहने के लिए तैयार थे। हमारे वोट महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

समाचार संक्षेप

भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने सपरिवार भगवान राजीवलोचन दर्शन कर डाला वोट

राजिम,18 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राजिम विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने सुबह कमलक्षेत्र के आराध्य देवी मां महामाया, विश्व प्रसिद्ध भगवान राजीव लोचन मंदिर, राजिम भक्तिन मंदिर सह परिवार पहुंचे और दर्शन पूजन के उपरांत अपने गृह ग्राम पीपरछेड़ी के मतदान केंद्र में मत डाले बताना होगा कि भाजपा ने इस बार रोहित साहू के ऊपर विश्वास जताया है आचार संहिता के पूर्व ही इन्हें टिकट मिल गया था जिसके कारण लगातार चुनावी जनसंपर्क में प्रत्येक लोगों के पास पहुंचकर प्रचार प्रसार किए हैं। इन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी इसमें कोई दो मत नहीं है जनता का खूब आशीर्वाद मिला है भगवान राजीवलोचन एवं आदिशक्ति मां महामाया की कृपा से राजिम विधानसभा में भाजपा फतह करेगी।

विधानसभा चुनाव प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद

राजिम,18 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राजिम 17 नवंबर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा क्षेत्र के 70 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान संपन्न हुआ इसमें मतदान करने मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया लोग धान कटाई को एक दिन के लिए बंद कर अपने क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर वोटिंग करने सुबह से लाईन में लगकर मतदान करते देखा गया बहुत से पोलिंग बूथों पर सुबह-शाम तक भीड़ भाड़ देखने को मिली अंतरिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक 71.23 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया और लोकतंत्र में सहभागी बने शाम 5 के बाद भी बहुत की संख्या में मतदाता कतार में खड़े नजर आ रहे थे जो अपने बारी का इंतजार कर रहे थे।

लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं में दिखा भारी उत्साह

डौण्डी, 18 नवंबर। लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने मतदाताओं में दिख रहा भारी उत्साह छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के लिए 70 विधानसभा सीटों पर आज मतदान की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लोग बड़ी संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आ रहे हैं, चुके है। मतदान अधिकारियों ने निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में निर्धारित समय पर मॉकपोल प्रक्रिया को पूरी करने के बाद मतदान के नियत समय सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ कर दिया गया है। आपको बता दें निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों द्वारा जिले में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने हेतु निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। बात करें यहां डौण्डी लोहारा के विधानसभा की तो 04 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं जिसमें मुख्य भिड़ंत कांग्रेस और भाजपा के बीच देखा जा रहा है। वहीं सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लगी हैं। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में वोटिंग करने हेतु उत्सुकता देखी जा रही है।सुबह ही यहां कांग्रेस के उम्मीदवार श्रीमती अनिला भेंडिया ने शासकीय कन्या प्राथमिक शाला डौण्डी लोहारा मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला और मतदातों से लोकतंत्र के इस महापर्व पर अधिक से अधिक अपने मताधिकार का उपयोग करने अपील की। वहीं भाजपा प्रत्याशी श्री देवलाल ठाकुर ने अपने गृहग्राम में मतदान किया। जिसके बाद उन्होंने कहा कि मैं अपना कीमती वोट दिया है अब आप सबकी बारी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में मैं सभी से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील करता हूं। इस दौरान पोलिंग बूथों पर मतदान करके लोग सेल्फी लेते हुए काफी संख्या में नजर आए। मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए मत केंद्रो पर सेल्फी जोन भी बनाए गए हैं इसके अंतर्गत शासकीय प्राथमिक कन्या शाला डौण्डी लोहारा को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है जहां का आकर्षण मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करता है और मतदान के लिए प्रेरित कर रहा है ऐसे ही संबलपुर आदर्श मतदान केंद्र में पार्श्व कालीन चितवा डोंगरी गुफा को निर्मित किया गया है सनद रहे चितवा डोंगरी गुफा आदि मानव द्वारा आज से आठ दस हजार साल पहले निर्मित किया गया था जो डौण्डी लोहारा से मात्र 10 किलोमीटर दूर सहगांव ग्राम के पास स्थित है कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा और पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र कुमार यादव ने आज मतदान तिथि 17 नवंबर को जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संगवारी एवं आदर्श मतदान केंद्रों के साथ-साथ जिले के मतदान केंद्रों में किए गए बेहतरीन व्यवस्था की सराहना भी की। कलेक्टर श्री शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान मतदान कर्मी एवं मतदाताओं से बातचीत कर मतदान केंद्रों के व्यवस्थाओं का पड़ताल भी किया।इस दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्र क्रमांक 80 डौण्डीलोहारा, मतदान केंद्र क्रमांक 98 चिल्हाटी का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के मतदान केन्द्रो में मतदान तिथि आज 17 नवंबर के लिए की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं की सराहना मतदान कर्मियों के अलावा मतदाताओं ने भी की है। मतदान कराने हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे मतदान दलों के सदस्यों ने मतदान केंद्रों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं पर संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन ने इस विधानसभा निर्वाचन में मतदान केन्द्रों में मतदान दलो तथा सुगमतापूर्वक मतदान कराने हेतु साफ सफाई, बिजली, पेयजल, फर्नीचर, मतदान दलों के सोने तथा भोजन आदि की समूचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

रात में सुकमा फूड पार्क बना खनन माफियाओं का अड्डा

सुकमा, 18 नवंबर। जिला प्रशासन के नाक के नीचे से माफियाओं का अवैध परिवहन जारी सुकमा फूड पार्क से माफिया कर रहे अवैध खनन कर मुरुर की चोरी बड़ी मात्रा में हो रह मुरूम का अवैध खनन माफियाओं की बड़ी सक्रियता देर रात तक किया जा रहा ।अवैध परिवहन अवैध खनन से जिला प्रशासन को माफियां लगा रहे राजस्व में लाखो का चूना जिला प्रशासन व खनिज विभाग मौन,संदेहास्पद सुकमा ब्रेकिंग अपडेट मुरूम अवैध खनन मामले में प्रशासन और माफिया खेल रहे आंख मिचौला मौके पर प्रशासन ने सिफ्टर समेत 1चेन माउंटेन,और 1 टिप्पर बरामद शासकीय संपत्ति से बड़े पैमाने में माफिया कर रहे थे मुरूम की चोरी फूड पार्क को माफियाओं ने बनाया था अवैध खनन का अड्डा प्रशासन,खनन विभाग के तरफ से अब तक नही की गई कोई कार्यवाही नहीं हुई।

खरसिया में 86 प्रतिशत से ज्यादा मतदान

रायगढ़ । छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 70 सीटों पर मतदान थम गया है। सुबह आठ बजे से वोटिंग शुरू हो गया था। रायगढ़ जिले के 4 विधानसभा सीट जनता जनार्दन ने लोकतंत्र के इस पर्व पर बढ़-चढ़कर पोलिंग बूथ पहुंच कर मतदान किया।आदिवासी अंचल लैलूंगा विधानसभा में मतदान दिवस व लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए लोगो मे हर्ष नजर आया। शाम बजे तक 86.54 फीसद मतदान हुआ है इसमे लैलूंगा ने इस बार भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए सबसे अधिक मतदान प्रतिशत का रिकार्ड अपने नाम दर्ज कराया है।जिले के चार विधानसभा में मतदान के लिए निर्वाचन आयोग केनिर्देशों पर तैयारी पूर्व में ही कर ली गई थी। जिसमे शुक्रवार को सर्वप्रथम जिला कलेक्टर व एसएसपी ने पीडी कालेज में सुबह आठ बजे लाइन में लगकर मतदान किए है।इस तरह पूरे विधानसभा व जिले में चलता रहा। लोग मतदान करने के लिए कतार में खड़े होकर अपने माताधिकार करने का इंतजार बेसब्री से कर रहे थे। जो मतदान दिवस की हर्ष का नजारा बयां कर रहा था। वही मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। लोग सारे काम धंधे छोड़ इस

महापर्व को सफल बनाने पोलिंग बूथों पर जा पहुंचे हैं।वही सामान्य अवकाश तक प्रशासन जे दिया था इससे कदमताल करते हुए निजी संस्थानों ने भी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को छूट्टी दिए थे। महिलाओं ने भी काफी बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया था जहां महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

यहां महिला मतदाताओं में व्यवस्था को लेकर काफी उत्साह भी रहा। वही दिव्यांग जनो के लिए चुनाव आयोग ने व्हीलचेयर प्रत्येक मतदान करने के लिए उपलब्ध कराया था। इस तरह चहुओर इस पर्व को लेकर बड़े ही उत्साह के साथ लोगो ने लोक तंत्र को मजबूत करने मतदान किए है। खबर लिखे जाने तक घघोड़ा से लेकर लैलूंगा व रायगढ़ विधानसभा के शहरी क्षेत्र में कुछ बुथ पर शाम तक मतदान के लिए मतदाता लाइन में नजर आए है। हालांकि जो अंदर प्रवेश परिसर के कर चुके है उन्हें ही मतदान करने का अधिकार दिया जाएगा।निर्वाचन आयोग के वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में शाम 5 बजे तक रायगढ़ विधानसभा - 65.60, खरसिया विधानसभा - 74.43,लैलूंगा विधानसभा - 76.42,घरमजयगढ़ विधानसभा - 72.36, इस तरह जिले में कुल - 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। बताया यह भी जा रहा है कि यह आंकड़ा कुछ बढ़ सकता न क्योंकि अभी भी कई केंद्रों में मतदाता कतार में थे। हालांकि इस बार जिले में गत वर्ष की तुलना में 4 फीसद मतदान कम होने की बात पांच बजे तक सामने आई है। जिसमे गत वर्ष 78 फीसद था।लैलूंगा का हाल 2018 व 2023 के ऐसे रहायगढ़ जिले में भगौलिक स्थिति में लैलूंगा सबसे बड़ा विधानसभा है। यहां 2 लाख 4 हजार 232 मतदाता है जिसमे 101650 पुरूष व 102581 महिला है। जिले आदिवासी सीट लैलूंगा विधानसभा में शाम 5 बजे तक निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक 76 फीसद मतदान हुआ है। जबकि गत वर्ष 68.00 फीसदी मतदान हुआ था। यहां अगर दिनभर की बात करे तो लैलूंगा में सुबह 9 बजे 6.46 प्रतिशत, 11बजे 25.07, 1 बजे 44.76 व शाम 3 बजे 64.47 तथा 5 बजे तक 76.42 प्रतिशत रहा। यहां तमनार के कुछ अंचल में मतदान का बहिष्कार भी रहा है।

एक नजर

मुनईकेरा-कौहाबाहरा में नव मतदाताओं का स्वागत

नगरी, 18 नवंबर। लोकतंत्र का महापर्व चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने क्षेत्र के नए मतदाताओं ने अपनी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। विधानसभा क्षेत्र के अति संवेदनशील क्षेत्र के ग्राम मुनईकेरा, दुगली, कौहाबाहरा, कोलियरी के युवा नव मतदाताओं का स्वागत सम्मान जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, सरपंच मुनईकेरा महेन्द्र नेताम, सरपंच कौहाबाहरा शिवा नेताम, पूर्व जनपद जागेश्वरी टेकाम, पूर्व सरपंच कौहाबाहरा कलावती मरकाम, श्यामा मंडावी, विनोद नेताम आदि ने किया। नव मतदाताओं ने उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में अपने हिस्सेदारी बखूबी निर्वहन किया। इस दौरान मतदाताओं ने

रोहिणी नेताम, अंकित साहू, सीमा मरकाम, टिकेश्वरी मरकाम ,जीतकुमार, संजना नेताम, सरस्वती, लेखनारायण, अमरसिंह, चमनलाल सोरी, देवेन्द्र कुमार, रूपेश नेताम ,राहुल , राजकुमार, राजेश , संजय, पृथ्वीराज ध्रुव, देवानंद, टीकम नेताम एवं नव मतदातागण उपस्थित रहे।

कतार में लगकर कलेक्टर सौरभ कुमार ने किया मतदान

कोरबा 18 नवंबर । कलेक्टर सौरभ कुमार ने कोरबा विधानसभा के मतदान केन्द्र क्रमांक 127 में मतदान किया। उन्होने उपस्थित मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। 17 नवम्बर सुबह आठ बजे कलेक्टर सौरभ कुमार मतदान केन्द्र क्रमांक 127 रामपुर कोरबा पीडब्ल्यूडी प्राथमिक शाला पहुंचे और उन्होंने पीठासीन अधिकारी से मतदान की तैयारियों संबंधी जानकारी ली। इस स्कूल परिसर में दो मतदान केन्द्र 126 तथा 127 स्थित है। कलेक्टर ने दोनों केन्द्रों में मतदान की तैयारियों का जायजा लिया। वे मतदाताओं के साथ मतदान करने के लिए बूथ में कतार में लगभग 01 घंटे लगे थे और अपनी बारी आने पर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी तरह निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने भी मतदान किया।

सेन समाज जिला अध्यक्ष ने पत्नी के साथ मतदान किया

रायपुर 18 नवंबर। रायपुर जिला सर्वसेन समाज के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने, पत्नी श्रीमती इंद्राणी ठाकुर संग, मतदान कर चुनई तिहार मनाया गया

भारी मात्रा में महुआ लाहन व 155 लीटर शराब जब्त

रायपुर, 18 नवंबर । आबकारी आयुक्त महादेव कावरे के निर्देशन में पूरे प्रदेश में अवैध शराब के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के क्रम में टीम ने 159 लीटर महुआ शराब जब्त करने में सफलता पाई है।

सूत्रों ने बताया कि विशेष सचिव सह आबकारी आयुक्त महादेव कावरे द्वारा दिये गये निर्देश के तारतम्य में उपायुक्त विजय सेन शर्मा के निर्देश अनुसार व जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह के विशेष मार्गदर्शन में जिला कोरिया मनेन्द्रगढ़ छत्तीसगढ़ में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। क्षेत्र में महुआ शराब बनाकर बेचने वाले आरोपी सीता पिता हंस कुमार रजवार 39 वर्ष निवासी खरवत थाना चरचा को पकड़कर 4 लीटर महुआ शराब व 70 किग्रा महुआ लाहन बरामद किया गया है। इसी तरह फटपानी थाना बैकुंठपुर के जंगल में महुआ शराब बचाने की सूचना पर दबिश दी गई। यहां से 155 लीटर महुआ शराब तथा 500 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया है। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा व परि0आबकारी उप निरीक्षक शिवेन्द्र मराबी व आबकारी स्टाफ कोरिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कलार समाज की बैठक में रोटी -बेटी का संबंध स्थापति करने का निर्णय

बैठक में संयुक्त रूप से युवक- युवती परिचय सम्मेलन संभाग स्तर पर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 18 नवंबर। डड़सेना कलार समाज का संभागीय मुख्यालय अलबेला पारा, कांकेर में डड़सेना कलार समाज एवं कलार समाज की संयुक्त बैठक आहूत की गई, जिसमें समाज के द्विपक्षीय उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए दोनों के बीच रोटी -बेटी का संबंध स्थापित करने का लम्बित ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित किया गया। डड़सेना कलार समाज के संभागीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम गजेंद्र द्वारा तीन प्रस्ताव रखा गया पहला प्रस्ताव में बड़े एवं छोटे के बीच रोटी- बेटी का संबंध स्थापित किया जाना, दूसरा प्रस्ताव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती समारोह एक साथ मिलकर मनाने एवं तीसरा प्रस्ताव संयुक्त रूप से युवक- युवती परिचय सम्मेलन संभाग स्तर पर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया जिस पर गहन विचार ङ्क विमर्श करने के पश्चात आम सहमति से दोनों वर्गों के बीच रोटी- बेटी का संबंध स्थापित करने का निर्णय लिया गया इसके अलावा संयुक्त रूप से सहस्त्रबाहु जयंती मनाने एवं संभाग स्तरीय युवक- युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय करतल ध्वनि मत से निर्णय लिया गया, ज्ञात हो कि डड़सेना कलार समाज के पूर्व संभागीय अध्यक्ष महेश जैन जी के नेतृत्व में पहले ही कांकेर जिला स्थित विकास खंड- चारामा के ग्राम पंडरीपानी में आयोजित सामाजिक खंड महासभा में दोनों वर्गों को विलय करने प्रस्ताव पारित किया था और इसकी जिम्मेदारी युवा प्रकोष्ठ के पूर्व संभागीय अध्यक्ष योगेश पांडे को सौंपा गया था युवा प्रभाग के अध्यक्ष द्वारा इस दिशा में समन्वय स्थापित करने कार्य भी किया गया था एवं प्रयास जारी था, जिसे अमली जामा पहनाने हेतु बैठक आयोजित किया गया किंतु संयुक्त बैठक में विलय का निर्णय तो नहीं हो पाया परंतु रोटी-बेटी का संबंध स्थापित करने हेतु आम सहमति बनी थी जिसके आधार पर आज दिनांक को उक्त निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया, बैठक में उपस्थित पदाधिकारी वक्ताओं ने उम्मीद जताया है कि यह निर्णय दोनों वर्गों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने एवं सामाजिक संगठनात्मक विकास में मिल का पत्थर साबित होगा उक्त बिंदुओं पर विचार विमर्श में भाग लेने वालों में नीलकंठ शार्दूल, नंदकुमार जैन, कारिया दीवान, गदाधर बैध, बसंत जैन,दयाशंकर जैन, जगबंधु सिन्हा, फुलनाथ दीवान, सुलेंद्र नेगी, देव कुमार, प्रदीप सिन्हा, पीलाराम सिन्हा, पवन सेठी आदि ने प्रमुख रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का सुचारू संचालन संभागीय महामंत्री सोनी लाल जैन ने किया।

लोकतंत्र को मजबूत बनाने कोरबा के मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

कोरबा 18 नवंबर । कोरबा जिले में कल संपन्न हुये विधानसभा चुनाव के मतदान में मतदाताओं में उत्साह देखा गया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदाता सुबह से कतारबद्ध होकर मतदान हेतु अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिये। चुनाव आयोग द्वारा स्वीप कार्यक्रम सहित अन्य माध्यम से किये गये प्रचार प्रसार एवं मतदाताओं को वोट डालने दी गई सुविधाओं की वजह से मतदान करने लोगों का उत्साह बना रहा। निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक मतदान की प्रक्रिया का जायजा लेते रहे वहीं कलेक्टर श्री सौरभ कुमार, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, सहित सभी जोनल अधिकारी मतदान केंद्रों का भ्रमण करते रहे। कोरबा जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

कोरबा जिले में मतदान करने लोगों में अभूतपूर्व उत्साह नजर आया। युवा मतदाता, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं सहित विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जनजाति के मतदाताओं ने भी मतदान किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा के मतदान केंद्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपालपुर में वृद्धजन श्री रामनाथ वर्मा ने मतदान कर एक आदर्श मतदाता होने का परिचय दिया। मतदान केंद्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपालपुर में 93 वर्षीय श्रीमती भरोस कुंवर, 78 वर्षीय तीज कुंवर, 68 वर्षीय चरण कुँवर सहित अन्य वरिष्ठजनों ने मतदान कर जागरूक नागरिक होने का दायित्व निभाया। पाली तानाखार विधानसभा क्रमांक 23 के मतदान केंद्र प्राथमिक शाला गुड़रुमुड़ा में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर वर्ग के मतदाताओं ने मतदान कर लोकतंत्र के निर्माण में अपना योगदान दिया। ग्राम पंचायत घोसरा मतदान केंद्र क्रमांक 61 प्राथमिक शाला बेलपरा में निःशक्तजन श्री धीरसाय पिता शोभनाथ ने मतदान कर मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कोरबा विधानसभा अंतर्गत नगरीय क्षेत्र स्थित संगवारी मतदान केंद्र रामपुर में 70 वर्षीय अशुन बाई ने मतदान किया। नगर निगम अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों ने भी मतदान कर जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा किया।

कोरबा जिले के विधानसभा कटघोरा के आदर्श संगवारी मतदान केंद्र (मतदान केंद्र क्रमांक 36) में युवा चंचल शर्मा व चित्रिका उपाध्याय ने आज पहली बार मतदान किया। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज कर आज वे बेहद खुश एवं उत्साहित हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपना कीमती समय निकालकर अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। विधानसभा कटघोरा अंतर्गत ग्राम फुलझर निवासी एलएलबी की छात्रा श्वेता रानी दीवान ने पहली बार मतदान करके, लोकतंत्र के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई और अन्य युवाओं को मतदान हेतु प्रेरित किया। विधानसभा कटघोरा के आदर्श संगवारी मतदान केंद्र 36 में 70 वर्षीय लकवाग्रस्त श्री लक्ष्मी कुमार ने मतदान किया। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज कर आज वे बेहद खुश हैं।

नहाय-खाय से शुरू हुआ सूर्योपासना छठ पर्व

- खरना प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालु रखेंग उपवास

कोरबा 18 नवंबर । चार दिन तक चलने वाला पर्व छठ पूजा शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुई । पर्व की शुरूवात में पवित्र जल में स्नान कर भोजन के लिए बनाया गया । प्रत्येक व्रती महिलाओं की रसोई लौकी व चना दाल की सब्जी से सुवासित रही। शनिवार को व्रती श्रद्धालु पूरे दिन उपवास रखकर शाम को खरना प्रसाद ग्रहण कर उपवास रखेंगे। रविवार को अस्ताचल सूर्य को पहला व सोमवार को उदयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। पूर्वांचल वासियों द्वारा मनाया जाने वाला इस पर्व में सूर्य भगवान को अर्घ्यदेकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया जाएगा। पर्व की शुरूवात को लेकर व्रती श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है।

काली पूजा के छठवें दिन छठ पूजा का विधान है। लिहाजा रविवार को छठ होने के कारण सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। शुक्रवार को नहाय खाय से यह पर्व शुरू हो चुका है। इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान कर सादा भोजन ग्रहण किया गया। विशेष तौर पर भोजन में अरवा चावल के साथ लौकी व चना की सब्जी बनाई गई थी। शनिवार को खरना प्रसाद के साथ पारणा किया जाएगा। यह पर्व का वह पड़ाव है जिसमें व्रती श्रद्धालु पूरे दिन उपवास रख कर शाम को गुड़ से बनी खीर व खरना प्रसाद ठेकुआ बनाती हैं। शाम के लिए प्रसाद बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। खरना प्रसाद का वितरण करने के पश्चात व्रती महिलाएं स्वयं प्रसाद ग्रहण करती हैं। इसके पश्चात रविवार की सुबह से उपवास रखकर महिलाएं शाम के समय डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके पश्चात उपवास जारी रखते हुए अगली सुबह यानि सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात व्रत तोड़ेंगे। छठघाट में अर्घ्य देने उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर साफ सफाई लगभग पूर्ण कर ली गई है। शहर के विभिन्न छठ घाटों में सफाई का काम पूरा किया जा चुका है।

अर्घ्य देने के लिए सर्वमंगलाघाट, अयप्पा मंदिर परिसर, मानिकपुर पोखरी, मुड़ादाई तालाब, तुलसी नगर नहरघाट, मानिकपुर पोखरी हसदेव दर्री बांध सहित विभिन्न स्थानों में श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। बाजार में पूजा सामानों की आवक होने लगी है। व्रती श्रद्धालु सामनों की खरीदी के लिए बाजार में पहुंच रहे है। पर्व के लिए अभी तक गन्ने की आवक बाजार में नहीं हो सकी है। कयास लगाया जा रहा है कि सोमवार से बाजार में गन्ने की बिक्री शुरू हो जाएगी।

बाला साहब ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई गई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भानुप्रतापपुर 18 नवंबर। हिंदू हृदय सम्राट ,शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे की पुण्यतिथि शिवसेना कार्यकर्ताओं, भारतवर्ष की आम जनता, हिंदुओं द्वारा पूरे भारतवर्ष में मनाई गई एवं इस अवसर पर शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे द्वारा हिंदुत्व के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया। इसी तारतम में शिवसेना भानुप्रतापपुर इकाई द्वारा शिवसेना कार्यालय में हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना के जनक बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर उनके द्वारा हिंदुत्व, राष्ट्रीय एवं देश हेतु किए गए कार्यों को याद करते हुए शिवसेना कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि जब भी भारतवर्ष या विश्व में कहीं भी हिंदुत्व के ऊपर कोई बात आएगी तो शिवसेना कार्यकर्ता पीछे नहीं हटेंगे। एवं पूरे भारतवर्ष में शिवसेना कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर हिंदुत्व, एवं देश प्रेम की भावना को आम जनता के अंदर जागृत करते हुए देश में राष्ट्रभक्ति, हिंदू भक्त, जागरूक नागरिक बनाने की चेष्टा में सदैव आगे बढ़ेंगे। एवं भारतवर्ष हेतु अपना जान न्योछावर करने हेतु तैयार रहेंगे।

समाचार संक्षेप

सार्वजनिक उपक्रम के 374 अधिकारी-कर्मचारी रहे मतदान से वंचित

कोरबा 18 नवंबर। एसईसीएल समेत अन्य सार्वजनिक उपक्रम के 374 अधिकारी- कर्मचारी मतदान देने से वंचित हो गए। इन कर्मियों की चुनाव ड्यूटी लगाई गई थी, इसलिए उनसे डाक मतपत्र के लिए आवेदन लिया था, पर बाद में ड्यूटी नहीं लगाई। इससे कर्मी डाक मत पत्र व इवीएम दोनों से मतदान करने से वंचित रह गए। जिले के चार विधानसभा कोरबा, कटघोरा, रामपुर और पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान एसईसीएल कोरबा के अधिकारी-कर्मचारी अपने बूथों में मतदान करने पहुंचे तो कई के नाम पर डाक मतपत्र जारी होने की बातें सामने आई। इससे अधिकारी- कर्मचारी चैंक गए। उन्होंने जानकारी ली तो पता चला कि जिला निर्वाचन कार्यालय ने एसईसीएल समेत तमाम पब्लिक सेक्टरों से माइक्रो आब्जर्वर के लिए नाम मांगे थे। इसमें एसईसीएल, एनटीपीसी व अन्य सार्वजनिक उपक्रमों से 474 अधिकारी- कर्मचारियों का नाम भेजा गया था। निर्वाचन विभाग के सभी कर्मियों को नियमानुसार प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में शामिल अधिकारी-कर्मचारी से डाक मत पत्र के लिए आवेदन भी लिया गया, लेकिन बाद में सिर्फ 100 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। एसईसीएल कोरबा के जीएम आफिस में पदस्थ लिपिक भुवनेश्वर का कहना है कि निर्वाचन संबंधी तमाम सूचनाएं विभाग के माध्यम से मिलती रही, लेकिन ड्यूटी नहीं लगाए जाने की सूचना दफ्तर से नहीं दी गई, इससे सभी अधिकारी- कर्मचारी निश्चित थे। उन्हें लग रहा था कि अब बूथों में जाकर ही मतदान करेंगे। इसके विपरीत बूथ में पहुंचने पर डाक मत पत्र जारी होने की बातें सामने आई। उनका कहना है कि कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी नहीं लगाए जाने संबंधी सूचना अखबार में प्रकाशित करने की बात कही जा रही है। इससे कर्मचारियों के सामने ऊहापोह की स्थिति निर्मित हुई। नियमानुसार कार्यालय के माध्यम से ही ड्यूटी निरस्त होने की जानकारी दी जानी थी। बहरहाल मतदान नहीं कर पाने से 374 अधिकारी कर्मचारियों के चेहरे पर आक्रोश व्यास रहा।

किसान को मतदान करने पुलिस वाले ने किया प्रोत्साहित

बलौदाबाजार 18 नवंबर। भाटापारा जिले के दूरस्थ स्थित पंचायतो मे से एक चंगोरी-पेसर से विधानसभा चुनाव मे स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग करते हुए लौटते दौरान मेन रोड से लगे हुए एक खेत मे अपने फ़सल क़ो एक किसान का परिवार स्वयं से ही तल्लीन होकर काटने मे व्यस्त था. उनको देखकर सहसा ही पुलिस अधिकारी ने गाड़ी ड्राइवर से रुकवा कर खेत मे उनके पास जाकर खेतिहर किसान (महिला-पुरुष व दो बालिग़ लड़का लड़की) से पूछ ही लिया कि तुमन वोट देहे गए रहे के नही ? छत्तीसगढ़ी- बोली मे मेरी बात क़ो सुनके व पुलिस वर्दी के प्रश्न का उत्तर देने की बंदिशों क़ो सोचते हुए ना चाहते हुए भी पहले तो पुरुष ने अनसुना कर दिया, बाद मे फिर से प्रश्न दोहराने पर जवाब मे उसकी महिला ने कहा, नही अभी नही गे हन साहब .मैंने फिर से दूसरा प्रश्न किया, 3.00 बजथे, देरी हो जाहि, जल्दी जावा ना. उनमे से आदमी ने झल्लाकर कहा, लेना का होही, नई दे पाबो ता मैंने कहा, आज चुनाव के तिहार हे, आज मउका हे, अपन मन के सरकार बनाय के। तुमन अपन मउका ला अइसनहे मत ख़राब करव। उसने कहा, सहाब आज हमन परिवार के सब्बे झन मिले हन,कल नई मिलन, लइका मन बाकी दीन अपन काम बूता मा चल देथे,...आज हावन त काम ला खत्म करन दे. मेरे बार-बार वोट देने के लिए बोलने पर उसने कहा- लेना देखबो, काम बूता हो जाहि, ता वोट दे देबो। हम स्वीप अभियान चला रहे है, जिला कलेक्टर सर, एसएसपी सर और पूरा प्रशासन तंत्र मतदान क़ो शत प्रतिशत कराने के लिए तरह तरह के अभिनव- प्रयास कर रहे है। पर यहाँ गांव का किसान अपने वोट के महत्व क़ो समझ ही नहीं पा रहे है। उनके लिए उनकी खेती ही सर्वोपरि है, और क्यों ना हो एक ग्रामीण, कृषक के लिए खेती ही उनके माता-पिता एवं सब कुछ है... यह जानते हुए कि वोट देना उनके लिए कितना जरूरी है, लोकतंत्र मे अपनी सहभागिता के महत्व क़ो ग्रामीण किसान परिवार समझना ही नही चाह रहा था। उनकी अपनी प्राथमिकता है। आधे घंटे बीत जाने पर मेरी सहनशीलता जवाब दे रही थी। चुनाव का समय भी बीत रहा था। मुझे अपनी टीम क़ो लेकर और भी दूसरे जगह जाना था। मुझसे रहा नही गया, आसपास के अन्य राहगीरों की मदद से उस परिवार क़ो समझा बुझा कर गांव के पास स्थित उनके मतदान बूथ तक़ खेत से सीधे ही किसी तरह भेजा गया, व उन लोगो ने अपना अमूल्य वोट देकर यह सुनिश्चित भी किया। मैं ह तो अपन सहभागिता के सँग सँग अपन जिम्मेदारी ला निभा देव, तुमन निभाय हव ?

योग से मिल रहा लोगों को लाभ

क्षेत्र में 2014 से नि:शुल्क योग की सेवा दे रहे हैं योगाचार्य मिथलेश सिन्हा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा(तरुण छत्तीसगढ़)--- क्षेत्र में 2014 निःशुल्क योग की सेवा दे रहे हैं योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा। योगाचार्य मिथलेश सिन्हा आयुष मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ योग आयोग, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार, विद्या भारती शिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित हैं तथा योग में एमए कर योगाचार्य की भी डिग्री प्राप्त किए हैं।उनके द्वारा क्षेत्र में योग शिविरों के माध्यम से शुरुवात की जिसमें योग से निरोग भारत,स्वच्छ भारत,समृद्ध समाज,संस्कारित युवा, नशा मुक्ति, अंध श्रद्धा निर्मूलन तथा कुरीति दूर भागने का प्रचार किया नगर के विद्यालयों,महाविद्यालयों, छात्रावासों,पुलिस कैंप,राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों में अपनी योग की सेवा प्रदान की जिसमें योगाचार्य ने योगासन,प्राणायाम के साथ साथ स्वस्थ जीवन शैली, एक्यूप्रेसर,प्राकृतिक चिकित्सा,घरेलू जड़ी-बूटियों की एवं नैतिक शिक्षा आदि का ज्ञान देते थे।क्षेत्र में घूम-घूम कर शिविर लेने के पश्चात सर्व प्रथम गायत्री मंदिर के प्रांगण से उन्होंने नियमित योग कक्षा की शुरुआत अक्टूबर 2015 में की साथ ही उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण,मिनी स्टेडियम,आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में योग कक्षा का संचालन किया।वर्तमान में उनकी योग कक्षा निरंतर नगर के मानस मंदिर प्रांगण में प्रातः छः बजे से सात बजे तक संचालित हो रही है।कोरोना काल में भी कक्षा संचालन ऑनलाइन माध्यम सेजारी रहा।अब तक लगभग साठ हजार से अधिक लोगों को योग करा चुके हैं। उन्होंने कहा की उनके इस निःशुल्क सेवा के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि देश और समाज के लिए एक से दो घंटा प्रतिदिन देता हूं फिर दिन भर हमे अपने जीवकोपार्जन के लिए काम तो करना ही है। योग से लाभान्वित होने वाले रावनाभाठा निवासी शिक्षक सोनूराम यादव ने बताया कि उन्हें पैनिक डिसॉर्डर नामक बीमारी थी जिसके लिए उन्होंने मिथलेश सिन्हा की योग कक्षा में जाकर योग किया,जिससे उन्हें घबराहट,तथा बेवजह डर की समस्या से छुटकारा मिला।उन्होंने बताया कि मुझे घुटनों में बहुत ज्यादा दर्द रहता था बगैर मालिश के मैं सो नहीं पाता था। मिथलेश आचार्य के द्वारा कराए गए सूक्ष्म व्यायाम के द्वारा मुझे घुटनों के दर्द से छुटकारा मिला। नियमित प्राणायाम बीपी की समस्या से भी बहुत राहत मिली।ग्राम फिंगेश्वरी निवासी ग्राम जामली के शिक्षक देवकुमार नागवंशी ने भी योग के माध्यम से अपनी बीमारी की समस्या से छुटकारा मिलने की बात बताई,एक्यूप्रेसर के माध्यम से योगाचार्य ने छुरा के नूतन सिंह ठाकुर का कमर दर्द , करुणा वर्मा का सिरदर्द के साथ कई लोगों को विभिन्न फायदे हुए हैं। गौरतलब है कि योगाचार्य मिथलेश सिन्हा की इस योग सेवा के लिए उन्हें दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ तथा प्रांतीय छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज एवं परिक्षेत्र छुरा द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है।

एक नजर

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर, 18 नवंबर। कविता नगर टिकरापारा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 21 हजार सहित चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया जमूना साहू 32 वर्ष कविता नगर टिकरापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया दिपावली त्योहार में अपने परिवार के साथ 12 नवम्बर को अपने गृहग्राम गई थी। जब 17 नवम्बर को वापस आई तो देखा की उसके मकान का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे नकदी 21 हजार सहित चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर, 18 नवंबर। प्रेम नगर मोवा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष चौहान 34 वर्ष प्रेम नगर मोवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी राहुल निर्मलकर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से विवाद कर गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

छत्तीसगढ़ में सबसे कम मतदान रायपुर दक्षिण सीट पर

रायपुर, 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर सभी सीटों पर शुक्रवार को दूसरे चरण के साथ मतदान समाप्त हो गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। रात 10 बजे तक पूरे प्रदेश में 70.59 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। सबसे ज्यादा मतदान बालोद जिले की संजारी सीट पर 84.57 प्रतिशत तथा सबसे कम रायपुर दक्षिण विधानसभा में 52.11 प्रतिशत हुआ है। गरियाबंद जिले की नक्सल प्रभावित सीट बिंद्रानवागढ़ को छोड़कर बाकी 69 सीटों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग हुई। वहीं बिंद्रानवागढ़ के 9 बूथों पर सुबह 7 से सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ। बाकी के सभी मतदान केंद्रों में 69 सीटों की तरह ही मतदान हुआ। गरियाबंद और धमतरी जिले में नक्सली हमला और छिटपुट घटनाओं के बीच दूसरे चरण का मतदान संपन्न हुआ। कुल मिलाकर 90 विधानसभा सीटों की जतना ने प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया है। अब 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसके बाद नई सरकार बनाने की कवायद शुरू हो जाएगी।

मस्तुरी सीट पर सभी दलों ने किया जीत का दावा

रायपुर, 18 नवंबर । मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 32 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर अच्छे-अच्छे रणनीतिकार और जानकारों के दावे फेल होता नजर आ रहा है। इस सीट पर कांग्रेस-भाजपा के अलावा आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जैसी पार्टी भी चुनाव मैदान में पूरी मजबूती के साथ डटी रही। मतदाताओं का रूझान भी अलग-अलग है, लिहाजा यहां की सीट पर कौन बाजी मारेगा? यह कहना मुश्किल हो गया है। हालांकि कांग्रेस की ओर से कहा गया कि क्षेत्र की जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया है और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है । भूपेश बघेल सरकार द्वारा प्रदेश में किए गए विकास और उनकी घोषणाओं को भरोसे के साथ कांग्रेस की सरकार बनाने की महत्वपूर्ण रोल अदा करेगी और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत होगी। इस बार निश्चित ही मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से इस बार कांग्रेस पार्टी अपना वर्चस्व कायम रखेगी। कांग्रेस ने क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार जताया है। दूसरी ओर भाजपा और अन्य दलों ने भी मतदान के लिए जनता का आभार जताते हुए अपनी-अपनी जीत के दावे किए हैं।

सीएम भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल हॉस्पिटल में भर्ती

रायपुर 18 नवंबर। सीएम भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल हॉस्पिटल में भर्ती है. सीएम ने एक्स पर जानकारी देते बताया कि बाबूजी अस्वस्थ हैं। चुनाव की गहमा-गहमी में उनसे मिलने अस्पताल भी नहीं आ पाया था। आज उनसे आशीर्वाद लेने पहुंचा?। उनकी जीजीविषा मेरे लिए हमेशा प्रेरणा रही है।

सैलजा ने की प्रत्याशियों से वन-टू-वन चर्चा

मतदान बाद विधानसभावार किया आंकलन

प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी जीत का दावा तो किया लेकिन चुनाव के दौरान आई समस्याओं को भी गिनाया

रायपुर, 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ में मतदान संपन्न होने के दूसरे ही दिन आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधायक प्रत्याशियों को राजीव भवन तलब कर हार-जीत की समीक्षा की। प्रदेश प्रभारी सैलजा ने एक-एक प्रत्याशी से वन-टू-वन गोपनीय रूप से चर्चा की आज की बैठक में कांग्रेस के 41 विधायक प्रत्याशी उपस्थित थे। 39 विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों की बैठक कल 19 नवंबर को होगी। प्रत्याशियों से चर्चा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज मौजूद थे। सैलजा ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रदेश में प्रचंड बहुमत से फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। मतदान के दिन भी हवा कांग्रेस के पक्ष में बहती नजर आई। बैठक में सैलजा ने मतदान के बाद विधानसभावार कांग्रेस की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने प्रत्याशियों से जीत की उम्मीद की जानकारी ली। उन्होंने साफ-साफ पूछा कि किस प्रत्याशी को अपनी स्थिति कमजोर लग रही है। सैलजा ने चुनाव के दौरान आई दिक्कतों के बारे में भी पूछा। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी जीत का दावा तो किया लेकिन चुनाव के दौरान आई समस्याओं को भी गिनाया। बताया जाता है कि कुछ प्रत्याशियों ने आर्थिक परेशानी आने की बात कही तो कुछ ने भीतरघात का रोना रोया। भीतरघातियों के नाम गिनाकर कार्रवाई की मांग की प्रत्याशियों ने बताया कि बागी उम्मीदवारों ने भी परेशानी खड़ी की थी। यह भी बताया जा रहा है कि कुछ प्रत्याशियों ने तो स्टार प्रचारकों के दौरे को कम बताया है। बैठक में घोषणा पत्र पर भी चर्चा हुई। घोषणा पत्र व महिलाओं को 15 हजार रुपए सालाना के ऐलान को असरदार बताया गया।

केशकाल के नाराज सैकड़ों कांग्रेसियों ने राजीव भवन घेरा

केशकाल में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष के खिलाफ यहां के कांग्रेसियों ने मोर्चा खोल दिया है। आज सैकड़ों कांग्रेसी जिनमे महिलाएं भी शामिल थीं राजीव भवन पहुंचे। वे यहां प्रदेश प्रभारी सैलजा व प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मिलना चाह रहे थे। नाराज कांग्रेसियों ने मांग की है कि कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अमीन मेनन को हटाया जाए। कार्यकर्ताओं ने साफ-साफ कहा है कि मेनन ने कांग्रेस के खिलाफ काम किया है। राजीव भवन पहुंचने वालों में ब्लाक व जिलाध्यक्ष भी शामिल थे।

दमनकारी कांग्रेस सरकार की रवानगी जनता ने कर दी तय: बृजमोहन

रायपुर 18 नवंबर। वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री एवं रायपुर दक्षिण के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने आज मतदान पश्चात पत्रकारों को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रदेश की जनता ने एक दमनकारी कांग्रेस सरकार की रवानगी छत्तीसगढ़ से तय कर दी है। उन्होंने कहा कि अपने भ्रष्टाचार के पैसों के दम पर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा सीटों को प्रभावित करने का भरपूर प्रयास किया। गुंडागर्दी की। परंतु छत्तीसगढ़ की भोली भाली परंतु ईमानदार जनता उनके जाल व भय में न फंसते हुए भाजपा को अपना आशीर्वाद दे दिया है। हम निश्चित तौर पर कह सकते हैं कि आने वाली 3 दिसंबर के बाद से छत्तीसगढ़ में भाजपा के सुशासन की वापसी होगी और छत्तीसगढ़ को लूटने वालों को जेल भेजा जाएगा, उनके अवैध कामों पर बुलडोजर चलाया जाएगा।

उन्होंने यह बातें मतदान पश्चात बूथों का निरीक्षण करके अपने चुनावी केंद्रीय चुनाव कार्यालय तत्पर में पहुंचने के बाद कही। रायपुर की जनता से मेरा संबंध अटूट है कोई राजनीतिक ताकत इसे नहीं तोड़ सकती। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने बाहुबल और गुंडों की फौज के बदौलत व्यक्तिगत संबंधों से बनी उनकी खड़ी फसल चुराने की कोशिश करती रही परंतु भाजपा के जांबाज निष्ठावान सिपाहियों के आगे उनकी एक न चली। साथ ही उन्होंने कहा कि रायपुर की जनता से मेरा संबंध अटूट है। दुनिया की कोई भी राजनीतिक ताकत इसे नहीं तोड़ सकती।

साथ ही उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आप कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम और समर्पण मेरी ताकत है। इस चुनाव में दिन रात मेहनत करके प्रचंड जीत की राह आसान बनाई है।

बालोद में बढ़ा मतदान का प्रतिशत

रायपुर, 18 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बालोद जिले में मतदान शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से जिले में इस बार पिछले विधानसभा निर्वाचन से मतदान में बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2018 में जिले में मतदान का प्रतिशत 82.43 प्रतिशत था, जो कि इस वर्ष विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी करते हुए 83.51 प्रतिशत मतदान हुआ है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 83.51 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें संजारी-बालोद विधानसभा में 84.83 प्रतिशत, डौंडीलोहारा विधानसभा में 81.89 प्रतिशत तथा गुंडरदेही विधानसभा में 83.76 प्रतिशत मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदाताओं को जागरूक करने वृहद रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न स्तर पर किया गया। जिसके माध्यम से जिले के मतदाताओं एवं आम नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए, उन्हें सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान तिथि 17 नवम्बर को जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को प्रेरित करने तथा उन्हें मतदान के दौरान जरूरी सुविधा प्रदान करने के भी उपाय सुनिश्चित किए गए थे। इसके अंतर्गत बालोद जिले में आदर्श, संगवारी, दिव्यांग मतदान केन्द्रों की स्थापना कर वहॉ पर जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। आदर्श मतदान केन्द्रों में छत्तीसगढ़ी एवं ग्रामीण संस्कृति पर आधारित बेहतरीन साज-सज्जा मतदाताओं के लिए खासा आकर्षण का केन्द्र रहा। इसके अलावा संगवारी एवं आदर्श मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को आवश्यक सुविधा एवं परिवेश उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया था।

ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील

90 सीटों पर1181 उम्मीदवार आजमा रहे किस्मत

रायपुर 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दो चरण में पूरे 90 विधानसभा सीटों में मतदान संपन्न हो चुका है. 90 सीटों में कुल 1181 उम्मीदवारों के किस्मत का फैसला 3 दिसंबर को होगा.

शुक्रवार दो चरणों में मतदान के बाद अब ईवीएम मशीन को कड़ी सुरक्षा के व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है. रायपुर जिले के 7 विधानसभा सीटों के 123 प्रत्याशियों के भविष्य ईवीएम में कैद हो चुका है. जिसे रायपुर के सेजबहार स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम में रखा गया है.

फाईल फोटो

स्ट्रांग रूम की यदि बात की जाए तो स्थानीय पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स के सुरक्षा घेरे में 24 घंटे पहले पहरेदारी रहेगी. खास बात यह है कि कैंपस को पूरी तरीके से छावनी में तब्दील कर दिया गया है. सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी. वही स्ट्रांग रूम के अंदर निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारी की अनुमति लेकर के प्रत्याशी स्ट्रांग रूम तक प्रवेश कर सकते हैं. 3 दिसंबर को मतगणना में फैसला होगा की आखिर जीत का ताज किसके सर सजेगा.

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 20 विधानसभा सीटों में 7 नवंबर को मतदान संपन्न हुआ. 20 सीटों में कुल 223 उम्मीदवार हैं. जिनमें 198 पुरूष और 25 महिला हैं.

20 विधानसभा सीट- पंडरिया , कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंटा.

दूसरे चरण के 70 सीटों में 958 उम्मीदवार

दूसरे चरण के 70 विधानसभा सीटों में 17 नवंबर को मतदान हुआ. सभी 70 सीटों में कुल 958 उम्मीदवार मैदान में हैं. जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं.

70 विधानसभा सीट- रतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी-बालोद, डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़।

फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी दो शिक्षकों की सेवा समाप्त

बस्तर 18 नवंबर। जिले में फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी करने वालों पर शिक्षा विभाग ने करवाई की है. दो शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई है. जिन दो का सेवा समाप्त किया गया है, उसमें व्याख्याता चंद्र कांत प्रसाद और कांती प्रसाद का नाम शामिल है.

जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में कार्रवाई करते हुए बड़े मुरमा के हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ व्याख्याता चंद्र कांत प्रसाद और कलचा हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ कांती प्रसाद की सेवा समाप्ति कर दी है. जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने बताया कि फर्जी प्रमाण पत्र को लेकर संबंधित शिक्षकों की शिकायत हुई थी. जिसकी जांच छान बीन समिति द्वारा की गई. जांच के आधार पर सचिवालय स्तर से सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए गए है. बता दें की कुछ माह पूर्व जिले के बास्तानार ब्लॉक में पदस्थ एक शिक्षक की सेवा फर्जी प्रमाण पत्र मामले में समाप्ति की गई थी. फिलहाल जिले के एक और शिक्षक के खिलाफ छान बीन समिति जांच कर रही है.

मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी निलंबित : विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-69 बेमेतरा के मतदान केन्द्र क्रमांक 114 प्राथमिक शाला, कोदवा में संतोष कुमार राजपूत, प्रधान पाठक शास.प्रा.शाला, कठौतिया की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी के रूप में लगाई गई थी। मतदान दिवस दिनांक 17/11/2023 को अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, बेमेतरा डॉ. अनिल कुमार बाजपेयी के द्वारा मतदान केन्द्र निरीक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार राजपूत, प्रधान पाठक शास.प्रा.शाला, कठौतिया शराब के नशे में पाये गये। फलस्वरूप उनके स्थान पर रिजर्व से अन्य अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई। उनका यह कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम के विरूद्ध है संतोष कुमार राजपूत, प्रधान पाठक शास.प्रा.शाला, कठौतिया को छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम (9) एवं (10) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

सेवा पथ संस्था निकालेगी 9 कन्याओं की अनोखी बारात

रायपुर, 18 नवंबर । एक बेटी का पिता होना जहां एक ओर समाज में गर्व करने वाली बात है। वहीं वर्तमान कुरीतियों के कारण अभिशाप भी होती जा रही है। बेटी की विवाह में भव्य आयोजन करने की आडंबर और एक दूसरे से अधिक दहेज देने की होड़ का अनुसरण करते -करते मध्यम वर्गीय पिता अपनी बेटी की शादी तो धूमधाम से कर लेता है, उसके बाद वो पूरी जिदंगी मेहनत करके उस शादी का कर्ज चुकाते-चुकाते बुढ़ा हो जाता है। इन्ही ज्वलंत समस्याओं और कुरीतियों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक संस्था सेवा पथ द्वारा चौथी बार 19 नवंबर रविवार को एक ही मंच में एक साथ 9 कन्यादान का निःशुल्क विवाह संपन्न कराया जा रहा है। जिसमें सभी वर-वधु का एक साथ मुकुट बंधन, बारात, लेडीस संगीत, माता स्वरूपी कन्याओं की आरती, फेरे और रिसेप्शन विधि विधान से संपन्न कराए जाएंगे।

संस्था के प्रमुख सदस्य पहलाज खेमानी और राजा बजाज ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि सेवा पथ विगत 3 वर्षों में 3 बार कन्यादान का ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है। पुनः चौथी बार यह निःशुल्क कन्यादान संपन्न करा रही है। इससे समाज की दशा और दिशा बदलने में सहायक होगी। साथ ही साथ जो माता-पिता अपने बच्चों के विवाह के लिए चिंतित है उन्हें भी इन कुरीतियों से निजात मिलेगी। इस आयोजन में विवाह करने वाले वर-वधुओं की इच्छा अनुसार दूल्हों के अलवा 9 कन्याओं की भी अनूठी बारात निकाली जाएगी।

संस्था की वरिष्ठ महिला सेवादा शकुंतला लखवानी व सुलोचना नारायणी ने बताया कि इस कन्यादान में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश व उड़ीसा के वर-वधु आकर विवाह के पवित्र बंधन में बंधेंगे और अपनी गृहस्थी शुरू करेंगे। संस्था द्वारा दहेज मुक्त विवाह की एक अनुकरणीय पहल की गई।

ठेठवार समाज ने मनाया मातर

रायपुर 18 नवंबर। पुरानी बस्ती के राज ठेठवार परिवार चौक में मे राज ठेठवार परिवार, रायपुर राज व सामाजिक ठेठवार बंधुओं ने मातर उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया । साथ ही श्री राधा कृष्ण जी की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या मे ठेठवार बंधुओं की उपस्थिति रही । ठेठवार बंधुओं ने अपने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर एक से बढ़कर एक दोहा बोले राज ठेठवार परिवार द्वारा , कृष्ण जी, गौ माता के साथ खुड़हर देवता की विधि विधान से पूजा की गयी । गौ माता को दाढ़ खिलाया गया । सभी को गौमाता का रबड़ी एवं दूध प्रसाद वितरण कर उपस्थित लोगो को भोजन कराया गया । इस अवसर पर संरक्षक डॉ रेवाराम यदु अध्यक्ष हरिराम यदु यादव ठेठवार समाज रायपुर महानगर इकाई , परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ महासभा छत्तीसगढ़, राजेश यदु, रमेश अनंत राम यदु, विनय यदु सूर्यकांत यदु विजय यदु गजेश यदु, जय यदु , दशरथ यादव, राजकुमार यदु , नीतीश यदु, तुषार यदु , संतोष यादव, दिलीप यदु ,सूरज यदु चितरंजन यदु राज कुमार पांड, , प्रवीण झा, दीपक महंत राम आशीष दास, सत्येंद्र श्रीवास्तव, श्रीवास , संतोष अग्रवाल देवेंद्र शर्मा सुरेश अग्रवाल नवीन यदु युगल यदु, रविन्द्र, राहुल,विवेक, कमलेश, नागेश, रजत, शुभम, प्राजंल, साहिल राज कान्हा गुल्लू सहित समस्त राज ठेठवार परिवार रायपुर राज के सदस्य मौजूद रहे ।

सरकार किसकी बनेगी, लोगो में जमकर अटकलबाजी

रायपुर 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत पहले की तरह ही औसत रहा। अब आम जनों में इस बात की अटकल बाजी तेजी से शुरू हो गई है कि छत्तीसगढ़ में सरकार किसकी बनने जा रही है।

इससे यह स्पष्ट हो गया कि सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी फैक्टर की भूमिका नही रही है। किंतु चुनाव के 5 महीना पहले से भूपेश सरकार का जिस तरह से छत्तीसगढ़ में फील गुड की हवा बह रही थी, वह चुनाव आते-आते मंद पड़ गई ।अब 6 महीने बाद देश में लोकसभा चुनाव भी होना है।

मतदान तिथि के आखिरी 10 दिनों में जिस तरह से भाजपा का कमल तेजी से खिला, उसने सट्टा बाजार में भी भाजपा की जीत की संभावना बढ़ा दी। आम लोगो का भाजपा के पक्ष में रुझान दिखा। सवाल उठता है कि क्या छत्तीसगढ़ के असेंबली चुनाव में मोदी का फैक्टर चल गया ।

इसके बावजूद मुकाबले को एक तरफा कोई नहीं मान रहा है अनुमानों में भले ही भाजपा थोड़ा आगे दिख रही हो, मगर जमीनी हकीकत अगले महीने की तीन तारीख को पता चलेगी।

आज भी बहुत से लोग मानते हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस की सरकार फिर से आ रही है। यदि कांग्रेस 46 सीट हासिल कर लेती है तो सरकार बनना तय है । भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीतियों से कांग्रेस को आखिरी समय में ऐसे फंसाया कि कांग्रेस क्या करें, क्या न करें.., की स्थिति में आ गई थी । कांग्रेस को पड़ने वाले वोट के ध्रुवीकरण के लिए भाजपा ने कई बिसातें बिछाई । कांग्रेस प्रत्याशियों के खिलाफ अन्य पार्टी व निर्दलीयों को चुनाव मैदान में गुपचुप तरीके से उतारा। एक-एक सीट पर मंथन हुआ। हालांकि कांग्रेस ने भी राज्य के एक-एक सीटों पर गहन मंथन कर रणनीतियां बनाई। मगर कांग्रेस की रणनीतियां दिल्ली में वहां बना बनाई गई जहां छत्तीसगढ़ की राजनीतिक पृष्ठभूमि के जानकार लोग नहीं के तौर पर हैं । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को फ्री हैंड देने के बावजूद हुए सभी 90 सीटों पर एक साथ ध्यान नहीं दे सकते थे। क्योंकि वह स्वयं कांग्रेस के प्रत्याशी है। भारतीय जनता पार्टी ने महीनो पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके गृह क्षेत्र में घेरने का प्रयास किया था। इसके बावजूद मुख्यमंत्री बघेल सभी सीटों पर ध्यान देने का पूरा प्रयास किया। पर यदि वे अपनी सीट को पूरी तरह नजरंदाज करते तो उनके लिए राह बेशक कठिन हो जाती।

इस चुनाव में भाजपा के पास एक से बढ़कर एक स्टार प्रचारक दिखे तो कांग्रेस के पास बड़े नेताओं का नितांत अभाव दिखाई दिया। कांग्रेस में गांधी परिवार से बाहर कोई ऐसा मास लीडर नहीं जो जनता को अपनी ओर खिंचे, जिन्हें जनता सुनने के लिए लालायित हो। जबकि भाजपा में कई नेता ऐसे हैं जिन्हें आमजन देखना सुनना चाहते हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23